■ बोकारो और औरंगाबाद से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 9 अंक : 250
पृष्ठ : 12
बोकारो, सोमवार
26 जनवरी 2026
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : JHAHIN2017/72655

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

# सशक्त हो रहा भारत का गणतंत्र : राष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत का गणतंत्र नागरिकों की जागरूक सहभागिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रकृति के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण से निरंतर सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और देश का प्रत्येक जागरूक नागरिक इस गणतांत्रिक यात्रा का सहभागी है। राष्ट्रपति ने देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य की दिशा को समझने का अवसर है। 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत ने अपनी राष्ट्रीय नियति स्वयं तय की और 26 जनवरी 1950 को संविधान के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में देश की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि संविधान विश्व के सबसे बड़े गणराज्य का आधार ग्रंथ है, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के आदर्श निहित हैं। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में उनका ऐतिहासिक योगदान रहा। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि 'जय हिन्द' राष्ट्र गौरव का उद्घोष है और युवाओं को देशभक्ति की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों, पुलिस बलों, किसानों, महिलाओं, स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, श्रमिकों, युवाओं, उद्यमियों और समाजसेवियों के सामूहिक योगदान



से भारत का गणतंत्र मजबूत हो रहा है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों की भूमिका की भी सराहना की, जो विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ कर रहे हैं। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती मतदान भागीदारी लोकतंत्र की शक्ति को और बढ़ा रही है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, स्वयं सहायता समूहों, खेल जगत में महिलाओं की उपलब्धियों और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक पहल बताया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण को आज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि पर्यावरण से जुड़े अनेक क्षेत्रों में भारत ने विश्व समुदाय का मार्गदर्शन किया है। प्रकृति के साथ समन्वित जीवन-शैली भारत की सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है और यही सोच विश्व समुदाय को दिए गए संदेश 'लाइफ फॉर एनवायरनमेंट' यानी 'लाइफ' का आधार है। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसे प्रयास किए जाएं, जिससे भावी पीढ़ियों के लिए धरती माता के अनमोल संसाधन सुरक्षित रह सकें। राष्ट्रपति ने किसानों के कल्याण, जनजातीय समाज के विकास, गरीबी उन्मूलन, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और आवास योजनाओं का उल्लेख किया। डिजिटल भुगतान, तकनीक आधारित शासन, सुशासन और जनभागीदारी को उन्होंने विकसित भारत की नींव बताया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और आत्मनिर्भरता व स्वदेशी विकास इसके मूल मंत्र हैं। सुरक्षा के क्षेत्र में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने सेनाओं की क्षमता पर पूर्ण विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सियाचेन बेस कैंप पहुंचकर मैंने बहादुर सैनिकों को अत्यंत विषम परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए पूरी तरह तत्पर और उत्साहित देखा। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, सुखोई और राफ़ेल में उड़ान भरने का अवसर भी मुझे मिला। मैं वायु सेना के युद्ध-कौशल से अवगत हुई।

## भारत पहुंचे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि लुइस और लेयेन

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन रविवार शाम 5 बजे के करीब राजधानी दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचने पर दोनों मेहमानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि दोनों 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। यह पहली बार है जब यूरोपीय संघ के दो शीर्ष अधिकारी एक साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग ले रहे हैं। यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष अधिकारियों के दिल्ली पहुंचने पर वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दोनों का स्वागत किया। बता दें कि 1950 से भारत गणतंत्र दिवस समारोह में किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता आ रहा है। यह परंपरा भारत की विदेश नीति और उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दर्शाती है।

# शिबू सोरेन को मिलेगा को पद्म भूषण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं, साथ ही 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। पद्म विभूषण के लिए धर्मेंद्र सिंह देओल एवं को वी. एस. अच्युतानंदन मरणोपरांत के अलावा के. टी. थॉमस-लोक कार्य, एन. राजम-कला, पी. नारायणन-साहित्य एवं शिक्षा एवं को (मरणोपरांत) लोक कार्य की घोषणा की गयी है। वहीं पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में कला, चिकित्सा, लोक कार्य, सामाजिक कार्य, व्यापार और खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। इनमें अल्का याज्ञनिक-कला, भगत सिंह कोश्यारी-लोक कार्य, डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी-चिकित्सा, मम्मूटी-कला, डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु-चिकित्सा, पीयूष पांडे (मरणोपरांत), एस. के. एम. माइलानंदन-सामाजिक कार्य, शतावधानी आर. गणेश-कला, शिबू सोरेन (मरणोपरांत)-लोक कार्य, उदय कोटक-व्यापार एवं उद्योग, वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)-लोक कार्य, वेल्लापल्ली नटेशन-लोक कार्य एवं विजय अमृतराज-खेल शामिल हैं।

## सूचना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा।

संपादक

## शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज विशाल — स्थानीय संपादक
कमल किशोर — संपादक/प्रकाशक

# मतदान केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं बल्कि नागरिकों के विश्वास का प्रतिबिंब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को नई दिल्ली में मेरा भारत, मेरा मत-भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक विषय के साथ 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने देश के मतदाताओं, विशेषकर युवाओं के सम्मान के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में पांच नए नामांकित युवा मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र सौंपे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक राजनीतिक अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिकों के विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति केवल मतदाताओं की संख्या में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भावना की गहराई में निहित है। उन्होंने विश्वास जताया कि मतदाता प्रलोभन, अज्ञानता, गलत सूचना, दुष्प्रचार और पूर्वाग्रह से मुक्त होकर अपने विवेक के आधार पर मतदान करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ चुनावी प्रथा पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के लिए बिहार, केरल और तमिलनाडु को सम्मानित किया गया। चुनाव प्रबंधन और रसद के लिए ओडिशा, मेघालय और बिहार को पुरस्कार मिला। नवोन्मेषी मतदाता जागरूकता के लिए बिहार, गुजरात और केरल को चुना गया।

# शिक्षा और शोध को प्राथमिकता दे रही झारखंड सरकार : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लंदन/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक ऑल सोल्स कॉलेज का दौरा कर भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ राधाकृष्णन का जीवन यह सिखाता है कि विद्वत्ता, सार्वजनिक सेवा और संस्कृतियों के बीच संवाद समाज को सही दिशा दे सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि डॉ राधाकृष्णन का ऑक्सफोर्ड से गहरा



रिश्ता रहा है। वे 1936 से 1952 तक यहां ईस्टर्न रिलिजन्स एंड एथिक्स के स्पाल्डिंग प्रोफ़ेसर रहे और ऑल सोल्स कॉलेज के फ़ेलो भी बने। इसके बाद वे लंबे समय तक कॉलेज के मानद फ़ेलो रहे। ऑक्सफोर्ड में रहते हुए उन्होंने पूर्वी और पश्चिमी विचारधाराओं के बीच सेतु का काम किया और दुनिया भर में सम्मान पाया। इस दौरान ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफ़ेसर अल्पा शाह ने झारखंड प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। बैठक में झारखंड और ऑक्सफोर्ड के बीच शैक्षणिक सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इसमें झारखंड के छात्रों के लिए डॉक्टोरल स्कॉलरशिप, रिसर्च के नए मौके, फैकल्टी एक्सचेंज और जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, जनजातीय कल्याण व विरासत जैसे विषयों पर संयुक्त शोध की संभावनाएं शामिल रहीं।



## संक्षिप्त समाचार

### हर्ष फायरिंग का फरार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने वाहन जांच के दौरान पकड़ा



**रोहतास, एजेंसी।** रोहतास जिले के शिवसागर थाना पुलिस ने शनिवार को हर्ष फायरिंग के एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी वाहन जांच अभियान के दौरान हुई। दरअसल, शनिवार को दिनदहाड़े हुई लूटपाट की घटना के बाद शिवसागर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में नाकेबंदी कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी जांच के क्रम में पुलिस ने हर्ष फायरिंग के आरोपी को पकड़ा। सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि शिवसागर थाना क्षेत्र के थनुवा गांव में कुछ समय पहले हर्ष फायरिंग को लेकर एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अभिरंजन सिंह मुख्य आरोपी थे, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे। डीएसपी ने बताया कि अभिरंजन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। वहीं, दिनदहाड़े हुई लूटपाट की घटना के संबंध में डीएसपी ने जानकारी दी कि मामले की जांच में एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम की मदद ली जा रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जल्द ही दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### आवारा कुत्तों के बीच मिला नवजात शिशु, बांका के विजयनगर मोहल्ले में लोगों ने देखा



**बांका, एजेंसी।** बांका टाउन थाना क्षेत्र के नयाटोला, विजयनगर मोहल्ला में रविवार को एक नवजात शिशु लावारिस हालत में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिशु को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने विजयनगर मोहल्ले के बीच नवजात को देखा, जिसके बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। लोगों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की व्यवस्था कर नवजात को सदर अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद नवजात को मृत घोषित कर दिया। शव को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नवजात शिशु को विजयनगर मोहल्ले के पास आवारा कुत्तों के बीच देखा गया था। हालांकि, जब तक लोगों ने हस्तक्षेप किया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। आसपास के लोगों से नवजात की पहचान को लेकर पूछताछ की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात को वहां किसने और किन परिस्थितियों में छोड़ा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को इस घटना से जुड़ी कोई भी जानकारी हो तो आगे आकर सहयोग करें।

### तेज रफ्तार का कहर! आमने-सामने बाइक भिड़ंत, दो की मौत

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ा-बहेड़ी मुख्य सड़क पर शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान बहेड़ा थाना क्षेत्र के त्रिमुहानी गांव निवासी रंजीत यादव तथा दूसरी बाइक पर सवार मो. हामिद की 6 वर्षीय पुत्री मरजीना खातून के रूप में हुई है। हादसे में मो. हामिद और उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) भेज दिया। बताया जाता है कि रंजीत यादव बेनीपुर में पदस्थापित स्वच्छता पर्यवेक्षक थे। वह शनिवार शाम ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान त्रिमुहानी गांव के पास सामने से आ रही बाइक, जिस पर मो. हामिद अपने परिवार के साथ सवार थे, से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रंजीत यादव और 6 वर्षीय मरजीना खातून की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मो. हामिद और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: पटना नगर निगम डेस्कटॉप असेसमेंट में**

# फाइव स्टार रेटिंग के लिए क्वालीफाई



**पटना, एजेंसी।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए पटना नगर निगम पूरी तैयारियों में लगा हुआ है। मार्च में सर्वे के लिए केंद्रीय टीम पटना आएगी। यह सर्वे देश के प्रमुख शहरों की स्वच्छता रैंकिंग तय करेगी। इस क्रम में पटना नगर निगम ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पटना नगर निगम ने डेस्कटॉप असेसमेंट में फाइव स्टार रेटिंग के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब अगला चरण फील्ड असेसमेंट का होगा। डेस्कटॉप असेसमेंट नगर निगम के स्वयं किए गए कार्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर होता है। इसके बाद फील्ड में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट जल प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं की वास्तविक स्थिति के आधार पर रैंकिंग दी जाती है।

फील्ड असेसमेंट के दौरान रेड स्पॉट और येलो स्पॉट पर विशेष अंक कटते हैं। इसे देखते हुए पटना नगर निगम ने सख्ती बढ़ाई है। खुले में शौच करने, गंदगी फैलाने और पान-तंबाकू थूकने वालों पर 500 रुपए तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। ऐसे लोगों को 'नगर शत्रु' की श्रेणी में रखा गया है। आईसीसीसी और निगम की टीमें प्रमुख स्थानों पर लगातार निगरानी कर रही हैं।

नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए कई निर्देश दिए हैं। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन को मजबूत करने के लिए प्रतिदिन घर-घर कचरा उठाव का निर्देश दिया गया है। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बों में एकत्र किया जा रहा है। पिछले सर्वेक्षण में इसी पॉइंट पर अंक कटे थे, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष तैयारी की गई है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए हर वार्ड में नगर मित्र के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

दीवारों पर पेंटिंग, सड़कों की सफाई, डिवाइडर का रंग-रोगन और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। सभी अंचलों में व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। नालों और बैकलेन की सफाई कराई जा रही है। इसके साथ ही कचरा पॉइंट को खत्म किया जा रहा है और अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर उसे घूमने योग्य स्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई है। कुल 12,500 अंकों के आधार पर रैंकिंग तय होगी। साल 2024-25 में पटना को 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में 21वां स्थान मिला था, वहीं गार्बेज फ्री सिटी में तीन स्टार की रेटिंग प्राप्त हुई थी।

## रील बनाने के चक्कर में अमृत भारत एक्सप्रेस से कटकर दो किशोर की मौत



**बेतिया, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में दर्दनाक हादसा हुआ. रील बनाने के दौरान दो किशोर अमृत भारत एक्सप्रेस की चपेट में आ गए. इस घटना में दोनों किशोर की मौत हो गयी. घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों किशोर का शव कई टुकड़ों में रेलवे पटरी के पास बिखर गए. यह हादसा बेतिया-नरकटियागंज रेल लाइन गुलाब नगर रेलवे ढाला और साठी रेलवे स्टेशन के बीच की है.

**रील बनाने के दौरान हादसा:** साठी रेलवे स्टेशन अधीक्षक संतोष कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अमृत भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज की ओर जा रही थी. इसी दौरान गुलाब नगर रेलवे ढाला और साठी रेलवे स्टेशन के बीच, पिलर 234/31 के पास दो युवक रेलवे ट्रैक के नजदीक खड़े होकर मोबाइल से रील बना रहे थे.

**संभलने का नहीं मिला मौका:** रील बनाने के दौरान दूसरी पटरी पर भी फौजी ट्रेन नरकटियागंज से मुजफ्फरपुर की दिशा में आ गई. दो ट्रैक पर एक साथ विपरीत दिशा से आती ट्रेनों को देखकर युवक घबरा गए. उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला. दोनों युवक बचने के चक्कर में अमृत भारत ट्रेन की चपेट में आ गए. दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी.

**कई टुकड़ों में शव ले गए परिजन:** बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों के शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गए. सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे जमा हो गए. अफरा-तफरी का माहौल हो गया. आनन फानन में परिजन कई टुकड़ों में शव को उठाकर ले गए.

**घटनास्थल पर चीख पुकार मची:** मृत बच्चों की पहचान सलमान आलम (16) धर्मपुर साठी गांव और आलमगीर आलम उम्र (16) भेड़िहारी थाना पुरुषोत्तमपुर निवासी के रूप में हुई है. हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मची रही. इधर, रेल अधिकारी घटना की छानबीन में जुट गए हैं.

## पटना में युवती को जिंदा जलाकर मार डाला

**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने युवती को जिंदा जलाकर मार डाला। युवती को इलाज के लिए लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच और कार्रवाई तेज कर दी है।जानकारी के अनुसार 18 जनवरी को गोपालपुर थाना में एक महिला द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को एक युवक ने आग लगाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसी लड़की को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। साक्ष्य जुटाने में जुटी पुलिस : घटना के समय मामले की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (स्नस्रु) की टीम को मौके पर बुलाकर आवश्यक साक्ष्य संकलन कराया। घटनास्थल से मिले भौतिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की तह तक जाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता के फर्दबयान के आधार पर संबंधित धाराओं में कांड दर्ज कर लिया था। हालांकि इलाज के दौरान लड़की ने दम तोड़ दिया। युवती की मौत के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। एसडीपीओ रंजन कुमार ने यह भी बताया कि फॉरेंसिक टीम द्वारा वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों और साक्ष्यों को मजबूत किया जा सके।

# बिहार सरकार का बोर्ड लगे स्कॉर्पियो से करते थे क्राइम

## पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सात बदमाशों को खदेड़कर पकड़ा

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्सऔर बलिया थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर हथियार और गोली भी बरामद किए गए हैं।यह सभी बिहार सरकार का बोर्ड लगे उजले रंग के स्कॉर्पियो पर सवार होकर दियारा की ओर से आ रहे थे। तभी रास्ते में घेराबंदी कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया है।




पकड़े गए बदमाशों की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के शादीपुर (कासिमपुर) के रहने वाले संजीव कुमार उर्फ पप्पू (48), सम्पूर्ण कुमार (35), संजय कुमार (25), धीरज कुमार (30) एवं सिंटु कुमार उर्फ सिंटुनिया, नौरंगा दियारा के रहने वाले शुभम कुमार (22) तथा खगड़िया जिला के परवत्ता थाना क्षेत्र के कबेला गांव के रहने वाले चंदन कुमार (32) के रूप में की गई है।

एसपी मनीष ने बताया कि बेगूसराय में मौजूद एसटीएफ टीम की ओर से बलिया थाना को सूचना दी गई कि एक स्कॉर्पियो पर दियारा के तरफ से कुछ कुछ बदमाश घटना को अंजाम देने के लिए बलिया की ओर रहे है। जिसे त्वरित कार्रवाई करने पर पकड़ा जा सकता है। इनपुट मिलते ही पुलिस दियारा रुट में एक्टिव हो गई। इधर वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए एसटीएफ की टीम भी बलिया पहुंच गई।

बलिया थाना की गश्ती टीम एवं स्ऋस्न की टीम ने दियारा क्षेत्र में घेराबंदी कर दिया। इसी बीच दियारा की ओर से डीपीओ बेगूसराय का साईन बोर्ड लगा स्कॉर्पियो आते दिखा। लेकिन पुलिस टीम को देखकर स्कॉर्पियो तेजी से लेकर भागने लगा। यह देख पुलिस टीम ने पीछा करना शुरू कर दिया और मनेसरपुर के समीप घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

बी आर08पी-3501 नंबर के स्कॉर्पियो पर सवार संजीव कुमार उर्फ पप्पू, सम्पूर्ण कुमार, संजय कुमार, धीरज कुमार, सिंटु कुमार, शुभम कुमार एवं चंदन कुमार के पास से 1-1 मोबाइल बरामद किया गया। जांच के दौरान सिंटु कुमार के मोबाइल में कई हथियार का फोटो मिला है। पूछताछ में शुभम कुमार बताया कि सिंटु कुमार के घर में हथियार-गोली रखा है। इसके बाद सिंटु कुमार के शादीपुर स्थित घर से 1 देशी कट्टा और 4 गोली बरामद किया गया।

पूछताछ करने पर बदमाशों ने बताया है कि हमलोगों का एक गिरोह है, जिसका सरगना संजीव कुमार उर्फ पप्पू है। धीरज कुमार डीपीओ बेगूसराय का साईन बोर्ड लगाकर स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर जाता, जिससे कोई शक नहीं करता और हमलोग घटना को अंजाम देते थे। पूर्व में कई घटना को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल पुलिस टीम पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ एवं आगे की कार्रवाई कर रही है। सभी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# बेगूसराय में पहली बार लगेगा बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में पहली बार बरौनी के हर्ल खाद कारखाना के मैदान में बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। पशुपालकों की मांग पर आयोजित होने वाले इस एक्सपो में मुख्य आकर्षण का केंद्र हरियाणा के प्रसिद्ध किसान पद्मश्री नरेंद्र सिंह का मुर्रा नस्ल का 15 करोड़ का भैंसा विधायक। विधायक नाम से प्रसिद्ध यह भैंसा असाधारण सुंदरता, ताकत और उच्च गुणवत्ता वाले सीमन के लिए जाना जाता है। इसकी सीमन क्वालिटी खास है। एक डोज की कीमत 300 रुपए है। हर साल करीब 40-50 लाख रुपए का सीमन बिकता है। भैंसा जहां रहता है, वहां एसी लगे हैं। डाइट में काजू, बादाम, मेवे और पनीर खाता है। 28, 29 और 30 जनवरी को आयोजित होने वाले इस एक्सपो में मवेशियों की सबसे बड़ी प्रदर्शनी लगेगी। इसके साथ ही मिल्किंग प्रतियोगिता तथा तकनीकी और वैज्ञानिक सत्र का भी आयोजन किया जाएगा।



**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सहयोग से किया जा रहा एक्सपो का आयोजन :** एक्सपो का आयोजन बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सहयोग तथा बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना के समर्थन से कृषिका द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन (कॉम्फेड) के तहत आने वाले मिल्क यूनियनों एवं सहकारी समितियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। आयोजन इस क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। जहां वे तकनीकी सत्र के दौरान विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर सकेंगे।

इसके साथ ही किसानों को प्रदर्शनी स्टॉल्स पर विभिन्न तरह के 60 से अधिक पशु उत्पाद, दवाइयां, डेयरी यंत्र, डेयरी उत्पाद यंत्र के अलावा खाद्य पदार्थों से मिलने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों द्वारा डेयरी एवं अन्य तरह के उत्पादों की प्रदर्शनी भी देखने को मिलेगी। एक्सपो के दौरान मिल्किंग प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें चार अलग-अलग तरह की प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं। प्रतियोगिता में एचएफ नस्ल, जर्सी, देसी नस्ल की गाय के अलावा भैंस की मिल्किंग प्रतियोगिता होगी। जिसमें एचएफ नस्ल की 30 लीटर या उससे अधिक दूध देने वाली गाय को शामिल किया जाएगा। दूध निकालने की प्रतियोगिता में जर्सी के लिए 20 लीटर या उससे अधिक, देसी के लिए 12 लीटर या उससे अधिक तथा भैंस के लिए प्रतिदिन कम से कम 15 लीटर या उससे अधिक लीटर दूध देने वाले पशुओं को शामिल किया जाएगा। विजेता को 51 हजार तक का पुरस्कार मिलेगा। प्रगतिशील किसान और आयोजन समिति के ब्रजेश कुमार ने बताया कि एक्सपो का मुख्य आकर्षण होगा हरियाणा से आ रहा 15 करोड़ का भैंसा विधायक। मुर्रा नस्ल का यह विधायक नाम का भैंसा पानीपत के प्रगतिशील किसान और पद्मश्री से सम्मानित नरेंद्र सिंह का है। इस भैंसा को लाने का उद्देश्य यह है कि हरियाणा और पंजाब जैसे राज्य इतने आगे है कि वहां के किसान 15 करोड़ का भैंसा तैयार कर लेते हैं। जबकि हम बिहार में 2-3 लाख तक की गाय नहीं बना पा रहे हैं। यह नस्ल तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आयोजक राकेश कश्यप ने बताया कि कृषिका द्वारा दिसंबर 2023 में पहला बिहार का पहला डेयरी और कैटलॉग का आयोजन किया गया था।

इससे हमारे प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हुई है। अब जरूरी है कि हम किसानों को न्यूनतम और आधुनिक जानकारी दें, जो देश-विदेश में हो रहा है। बेगूसराय और समस्तीपुर बिहार का सबसे बड़ा दूध उत्पादक जिला है। दूध उत्पादक किसानों को और जागरूक करने के लिए ही कार्यक्रम हो रहा है।उद्घाटन विभाग के मंत्री सुरेंद्र मेहता करेंगे। जिसमें बिहार पशु विश्वविद्यालय के कुलपति, बिहार के पशुपालन सचिव, आईसीआर सहित उन विभागों के प्रमुख रहेंगे। यह लोग अलग-अलग तरीके से किसानों को जानकारी देंगे। पशुपालन के क्षेत्र की बड़ी-बड़ी कंपनियां इसमें शामिल हो रही है।

# प्रसव से पहले नवजात की मौत, रेफर के दौरान प्रसूता ने तोड़ा दम, मचा हड़कंप

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर उजागर हुई है। सारण जिले की अतिप्राचीन औद्योगिक नगरी के रूप में प्रसिद्ध अनुमंडल मुख्यालय मढ़ौरा में एक निजी नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत ने न केवल स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि सरकारी अस्पतालों और निजी नर्सिंग होम के बीच कथित गठजोड़ को भी बेनकाब कर दिया है। यह घटना कोई पहली नहीं है, बल्कि इससे पहले भी मढ़ौरा समेत आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जुड़ी कई घटनाएं सामने आती रही हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मढ़ौरा स्थित आरपीसी नामक निजी नर्सिंग होम नियमों के विरुद्ध संचालित किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि नर्सिंग होम के संचालक डॉ. आर.एन. तिवारी स्वयं क्लीनिक में नियमित रूप से मौजूद नहीं रहते थे और पूरा संचालन कर्मियों के भरोसे छोड़ा गया था। अप्रशिक्षित स्टाफ, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का अभाव और योग्य चिकित्सकों की अनुपस्थिति मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है, जहां संसाधनों की कमी, चिकित्सकों की अनुपलब्धता और मरीजों को निजी अस्पतालों में रेफर करने की प्रवृत्ति आम हो चुकी है।

जानकारी के अनुसार, सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत भटौरा गांव निवासी संदीप शर्मा की 30 वर्षीय पत्नी तारामुन्नी देवी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने मढ़ौरा स्थित रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि वहां मौजूद आशा कार्यकर्ता ने सरकारी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक से मिलीभगत कर महिला को बहला-फुसलाकर निजी नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया।

इसके बाद महिला को मढ़ौरा मुख्यालय के स्टेशन माल गोदाम रोड स्थित आरपीसी निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। परिजनों के अनुसार, वहां मौजूद कर्मियों ने शुरुआत में सब कुछ सामान्य बताया, लेकिन उस समय न तो कोई चिकित्सक मौजूद था और न ही आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इलाज में गंभीर लापरवाही के चलते प्रसव से ठीक पहले नवजात शिशु की मौत हो गई। इसके बाद प्रसूता की हालत तेजी से बिगड़ने लगी, लेकिन इसके बावजूद समय पर समुचित इलाज नहीं किया गया।



मृतका के पति संदीप शर्मा ने आरोप लगाया कि बच्चे की मौत के बाद अस्पताल कर्मियों ने आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर प्रसूता को उसमें शिफ्ट कर दिया। परिजनों को बताया गया कि महिला की हालत गंभीर है, इसलिए उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर किया जा रहा है। हालांकि छपरा ले जाने के दौरान मिर्जापुर बाजार के समीप रास्ते में ही तारामुन्नी देवी की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को लेकर निजी नर्सिंग होम पहुंचे, लेकिन परिजनों के पहुंचने से पहले ही नर्सिंग होम के संचालक, चिकित्सक और अन्य कर्मी फरार हो चुके थे। परिजन घंटों तक शव के साथ अस्पताल परिसर में बैठे रहे और चिकित्सक के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के गांव से बड़ी संख्या में परिजन और स्थानीय लोग निजी नर्सिंग होम के पास जुट गए और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने नर्सिंग होम संचालक और संबंधित चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों से निजी क्लीनिकों की ओर मरीजों को मोड़ना अब एक गंभीर समस्या बन चुकी है। इसमें आशा कार्यकर्ताओं से लेकर कुछ चिकित्सकों की मिलीभगत की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। स्वास्थ्य विभाग की कमजोर निगरानी के कारण निजी नर्सिंग होम बेलगाम हो चुके हैं।

सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर जरूर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने न तो गहन पूछताछ की और न ही कोई ठोस कार्रवाई करते हुए कुछ ही देर में बैरंग लौट गई। लोगों का कहना है कि जब तक दोषी चिकित्सकों और अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम व क्लीनिकों पर सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक इस तरह की दर्दनाक घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जागेश्वर यादव
अध्यक्ष, डीलर संघ
बरकट्ठा (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
बरकट्ठा (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
त्रिवेणी यादव
विधायक प्रतिनिधि
बरकट्ठा (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बालेश्वर ठाकुर
अध्यक्ष, भाजपा ओबीसी मोर्चा
बरकट्ठा (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव कुमार बेदीया
जेएमएम अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक पाण्डेय
प्राचार्य
सप्तगिरी आईटीआई
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवकी महतो
मुखिया-सह-प्रखंड अध्यक्ष, चुरचू
जिला उपाध्यक्ष, मुखिया संघ
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भोला प्रसाद यादव
माँ गायत्री एचपी ग्रामीण वितरक
बरकट्ठा (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण प्रभात सिन्हा
सेवानिवृत सीजेएम
अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरफराज नवाज
जीवन नर्सिंग होम
हजारीबाग

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ प्रकाश ज्ञानी
उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल
बरही (हजारीबाग)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. धर्मेन्द्र ठाकुर
चिकित्सा पदाधिकारी
चौपारण (हजारीबाग)

# अतिक्रमण के खिलाफ रांची नगर निगम की सख्ती जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ रांची नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। इस क्रम में भू-संपदा कोषांग के अधिकारियों ने संबंधित अंचल कार्यालय के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से वार्ड संख्या–06 के बांधगाड़ी क्षेत्र स्थित सरकारी भूमि, मुख्य मार्ग, दुकानों और भवनों की मापी कराई। कार्रवाई का उद्देश्य अतिक्रमित क्षेत्र की स्पष्ट और तथ्यपरक स्थिति सामने लाना है, ताकि आगे की विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

नगर निगम की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मापी के दौरान सरकारी भूमि के प्लॉट संख्या–537, खाता संख्या–169, कुल 2.102 एकड़ रकबा का विधिवत सीमांकन किया गया। जांच में उक्त भू-भाग पर तीन भवन और एक चहारदीवारी को अतिक्रमण की श्रेणी में पाया गया। सीमांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित अतिक्रमणों को चिह्नित करते हुए आगे की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि आसपास के अन्य प्लॉटों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अंचल कर्मियों को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आंशिक रूप से शेष रह गए मापी कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि पूरे क्षेत्र की स्थिति स्पष्ट हो सके और किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन का कहना है कि शहर में सार्वजनिक हित से जुड़ी भूमि की सुरक्षा प्राथमिकता है और अवैध कब्जों के कारण विकास कार्यों एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होती है। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और शहर के अन्य क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से मापी और सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाएं और नगर के सुव्यवस्थित विकास में सहयोग करें।

# गणतंत्र दिवस को लेकर हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देशभर में 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों जोर-शोर से चल रही हैं। नई दिल्ली में राजपथ पर दुनिया भारत की आन-बान और शान को देखेगी। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एनटोनियो कोस्टा और यूरोपीयन कमीशन के अध्यक्ष उर्सूलो वॉन डेर लेयेन इस बार गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। गणतंत्र दिवस को लेकर देशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। नई दिल्ली में लाल किले के आस-पास सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ दंगा निरोधक वाहन को भी तैनात किया गया है। वहीं, आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने तलाशी अभियान चलाया। लोगों के सामान और गाड़ियों की तलाशी ली।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, अनखूनर, पुंछ और अनंतनाग में कड़ी





सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने घर-घर जाकर तलाशी ली। साथ ही, ड्रोन की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।









# बहू को पिलाया एसिड

- जिंदगी और मौत से जूझ रही पीड़िता
- बेटी बेचने का दिया जा रहा था दबाव
- पूर्व में ही एसिड पीकर पति ने दी थी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** लोदीपुर थाना क्षेत्र के तहबलपुर में मुहम्मद जलाल ने पिता और भाई के साथ मिलकर पहले अपनी पत्नी को जमकर पीटा, फिर उसे एसिड पिला दिया। रुखसाना खातून को गंभीर हालत में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जेएलएनएमसीएच) में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया।

रुखसाना की 10 वर्षीय बेटी ने पुलिस के समक्ष घटना का रहस्योद्घाटन किया। उसने बताया कि उसके पापा मुहम्मद जलाल, चाचा और दादा ने मिलकर मम्मी के साथ मारपीट कर घटना को अंजाम दिया है। हालांकि कचहरी में मुंशी का काम करने वाले मुहम्मद जलाल ने अपने ऊपर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताया है। जिंदगी और मौत से जूझ रही रुखसाना को देख उसकी मां फफक पड़ी। उसने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की यह हालत उसके दामाद, देवर और ससुर ने की है। ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसकी बेटी के साथ बुरा सलूक करते आ रहे हैं।

शादी के बाद रुखसाना ने तीन बच्चों को जन्म दिया। जिनमें दो बेटी और एक बेटा शामिल है। बेटियों के जन्म से रुखसाना से दादाम समेत ससुराल के अन्य लोग खासे नाराज चल रहे थे। रुखसाना पर हमेशा दबाव बना रहे थे कि वह बेटी को बेच दे।

जब रुखसाना ने बात नहीं मानी तो उसके साथ ऐसा सलूक करते हुए उसे एसिड पिलाकर जान लेने की कोशिश की गई है। पुलिस ने घटनाक्रम की छानबीन शुरू कर दी है।

एक जनवरी 2026 को औद्योगिक थानाक्षेत्र के ज्योति बिहार कॉलोनी स्थित प्रेम नगर में आवासीय विद्यालय चलाने वाली पूनम देवी को उसके पति दुलाल पोद्दार ने घरेलू विवाद बाद मारपीट कर एसिड से नहला दिया था। घटना बाद पति ने खुद भी एसिड गटककर अपनी जान दे दी थी। पत्नी पूनम का जख्मी हालत में पटना में उपचार चल रहा है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रघुनाथपुर (मुजफ्फरपुर)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सेंटर डायरेक्ट संस्था द्वारा रघुनाथपुर, मुजफ्फरपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं और महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पारू के विधायक शंकर प्रसाद यादव थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, लड़कियों को शिक्षित करना और सशक्त बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब बेटियाँ आगे बढ़ेंगी, तभी समाज और देश प्रगति करेगा। उन्होंने बालिकाओं को समान अवसर देने तथा उनके सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

साथ ही उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनके विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो वे सदैव सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्हें गर्व है कि पारू में सेंटर डायरेक्ट संस्था बेटियों को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रही है और उनका सहयोग हमेशा संस्था के साथ बना रहेगा।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरैया के पूर्व प्रमुख मोहम्मद उमर अंसारी ने कहा कि वे पूर्व से ही सेंटर डायरेक्ट संस्था से जुड़े हुए हैं और इसके क्रियाकलापों से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि संस्था बेहतर समाज के निर्माण और बालिकाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह कार्य आगे भी इसी तरह निरंतर बढ़ता रहे, यही उनकी शुभकामनाएँ हैं।

संस्था के महासचिव प्रमोद कुमार शर्मा ने संगठन के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था पिछले 32 वर्षों से बिहार में बालिकाओं, किशोरियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों, विशेषकर लड़कियों और महिलाओं के लिए दस्तावेजीकरण, अनुसंधान, शिक्षा, संचार एवं प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्तिकरण की दिशा में कार्यरत है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सेंटर डायरेक्ट मुजफ्फरपुर में अपनी स्थापना के आरंभिक दिनों से ही शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही है।



कार्यक्रम में युवा राजद नेता धीरज शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बालिकाओं के उत्थान एवं उनके सशक्तिकरण के लिए समाज में हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास करने की बात कही।

संस्था के प्रोग्राम मैनेजर राजेश रंजन ने बताया कि सेंटर डायरेक्ट पिछले 32 वर्षों से बिहार में बालिकाओं, किशोरियों और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। संस्था द्वारा जीवन का दूसरा मौका कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 14 से 29 वर्ष आयु वर्ग की वे महिलाएँ एवं किशोरियाँ, जो किसी कारणवश मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाई हैं या पाँचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी हैं, उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक इस कार्यक्रम से लगभग 2000 महिलाएँ एवं किशोरियाँ लाभान्वित हो चुकी हैं।

इस अवसर पर संगीता कुमारी, अनिल के. शर्मा, डॉ. स्नेहा, रश्मि कुमारी, अंकिता, रंजीता सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने बालिका सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, शिक्षा और सामाजिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान एक चर्चा सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं एवं प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक एवं अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में रघुनाथपुर पंचायत के मुखिया बैजनाथ राय, साहिबगंज से आए अतिथि मंटू कुमार विमल, पारू विधानसभा के युवा नेता सरोज सिंह, युवा नेता प्रभाकर सिंह तथा पूर्व पैक्स अध्यक्ष बिंदेश्वरी भगत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर बालिकाओं को सम्मान, समान अवसर एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयास करना चाहिए।

# मंदिर परिसर में क्विज प्रतियोगिता आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत के कुँवर टोली स्थित नरसिंह भगवान मंदिर परिसर में सरस्वती पूजा के अवसर पर सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मांझी थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित, हिन्दी एवं संस्कृत से जुड़े प्रश्नों की क्विज प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका राजा कुमार शर्मा एवं दीपक कुमार शर्मा ने निभाई और मंच संचालन भी किया।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार राज शर्मा और तृतीय पुरस्कार आकृति शर्मा को प्रदान किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कारस्वरूप कॉपी-कलम भेंट किया गया।मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती पूजा जैसे पवित्र अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों में शिक्षा का प्रकाश फैलाने और उनके आत्मबल को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है।

## चिराग ने तेजस्वी पर कसा तंज

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आज राजद का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। एक तरफ जदयू मे उन्हें आपराधिक मामले का अभियुक्त बताया है तो दूसरी तरफ लोजपा (आर) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने उनके काबिलियत पर सवाल उठाया है।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आरजेडी के ऐतिहासिक हार का क्या कारण था? मैं मानता हूं कि वह (तेजस्वी यादव) लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं, इसलिए पार्टी की कमान उनके हाथों में जाएगी... उन्हें इतना बड़ा पद दिया जा रहा है और इससे पता चलता है कि यह (आरजेडी) पार्टी सिर्फ एक परिवार तक ही सीमित है...।

उन्होंने तेजस्वी की काबिलियत पर सवाल उठाते हुए कहा कि, राजद को मिली ऐतिहासिक हार के बाद भी आप उन्हें इतने बड़े पद से नवाज रहे हो, लेकिन उन्हें ये पद तब मिलता जब उनकी पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहता तो इस जिम्मेदारी को लेना उनका स्वाभाविक था। पर एक तरफ आप हार के बाद अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं।

# बेखौफ अपराधियों ने बाइक सवार को मारी गोली

**लोगों ने किया सड़क जाम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** जिले में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। हत्या, लूट और डकैती जैसी गंभीर वारदातों के बीच एक बार फिर बेखौफ अपराधियों ने खुटौना थाना क्षेत्र के बगहा कुसुमार गांव के समीप एक युवक को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना में बाइक सवार युवक को अपराधियों ने रोककर उसके पेट में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों ने खुटौना पीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान बगहा कुसुमार गांव निवासी मोहम्मद ईसराफिल के 19 वर्षीय पुत्र मोहम्मद मन्नान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक फरवरी में होने वाली मैट्रिक परीक्षा को लेकर मधुबनी में कमरा देखने गया था और वहां से अपने गांव लौट रहा था।

बताया गया है कि वापसी के दौरान एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने युवक को रोका और पेट में गोली चला दी। गोली लगते ही युवक बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही खुटौना थाना प्रभारी धीरज कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। फिलहाल घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है कि यह आपसी रंजिश थी या कोई अन्य वजह। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लौकहा-खुटौना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस स्थिति को संभालने और आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।

# छह महीने से लापता 12 वर्षीय छात्रा गोरखपुर से बरामद

**कोचिंग जाते समय गांव के बुजूर्ग ने पिलायी थी चाय, बेहोशी के बाद हो गया था अपहरण**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पश्चिमी चंपारण।** जिले के बगहा से लापता हुई छठी कक्षा की 12 वर्षीय छात्रा को करीब छह महीने बाद उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से सकुशल बरामद कर लिया गया है। बच्ची के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है, लेकिन उसकी आपबीती ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

पीड़िता के अनुसार 25 जुलाई 2025 को वह रोज की तरह कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी। रास्ते में गांव के ही एक बुजुर्ग ने उसे चाय पिलाई, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। होश आने पर उसने खुद को उत्तराखंड के हल्द्वानी में पाया, जहां से उसकी पीड़ा भरी यात्रा शुरू हुई। बच्ची ने पुलिस को बताया कि उत्तराखंड में उसे अलग-अलग जगहों पर रखा गया और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर बेरहमी से मारपीट की जाती थी। उसे और उसके माता-पिता के झूठे नाम व पहचान रटने के लिए मजबूर किया जाता था और भूलने पर पीटा जाता था।

पीड़िता के अनुसार बाद में उसे दूसरे लोगों को बेच दिया गया, जिससे उसकी पीड़ा और बढ़ती चली गई। इस दौरान बच्ची के माता-पिता और रिश्तेदार थाना, एसडीपीओ, एसपी से लेकर डीआईजी कार्यालय तक लगातार अपनी बेटी की तलाश में भटकते रहे, लेकिन लंबे समय तक कोई सुराग नहीं मिला।

कुछ समय बाद बच्ची को गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र में रखा गया। वहां मौका पाकर वह भाग निकली और एक निजी क्लीनिक पहुंची। महिला डॉक्टर ने उसकी हालत देखकर तुरंत डायल 112 पर यूपी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित संरक्षण में लिया।

सूचना मिलते ही बगहा पुलिस परिजनों के साथ गोरखपुर पहुंची और औपचारिक प्रक्रिया के बाद बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। नगर थाना में पीड़िता का बयान दर्ज कर उसे सुरक्षा के मद्देनजर महिला थाना भेजा गया है। बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, आरोपियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी और न्यायालय में बयान के बाद बच्ची को परिजनों को सौंपा जाएगा।

# फैक्ट्री पर दावेदारी को ले गोलीबारी

**कई चक्र चलीं गोलियां, एक गंभीर, पटना रेफर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के बेन थाना क्षेत्र के भातु विगहा गांव में धागा फैक्ट्री के कब्जे को लेकर चल रहे विवाद ने शनिवार-रविवार की देर रात हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान गोलीबारी की घटना में गांव निवासी पवन सिंह के 27 वर्षीय पुत्र प्रिंस सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए घायल युवक के मौसा रामकुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब ढाई बजे प्रिंस को गांव के कुछ लोगों ने पंचायती के बहाने बाहर बुलाया। जब प्रिंस ने नीरज सिंह के पक्ष में बात करने से इनकार कर दिया तो उस पर गोलियां चला दी गईं।

परिजनों ने तत्काल घायल युवक को बिहार शरीफ अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में प्रिंस पटना में इलाजरत है।

नीरज सिंह और बबलू सिंह के बीच धागा फैक्ट्री को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच इस संपत्ति को लेकर पहले भी कई बार झड़पें हो चुकी हैं। इस विवाद ने गांव में दो गुटों को जन्म दे दिया है। आरोप है कि नीरज सिंह, अनुज सिंह, नीतिश सिंह, विक्की सिंह, रणजीत सिंह, आकाश सिंह, अमन सिंह और अन्य अज्ञात लोगों ने करीब दर्जन भर राउंड फायरिंग की है।

बेन थाना अध्यक्ष रवि राज ने बताया कि नीरज सिंह और बबलू सिंह के बीच धागा फैक्ट्री की जमीन को लेकर एग्रीमेंट हुआ था। इसी को लेकर विवाद चल रहा है। पूर्व में भी दोनों पक्षों में लड़ाई-झगड़ा हो चुका है।

उन्होंने बताया कि साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी) की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वरीय अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है।

## कोयंबटूर-रांची के बीच सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग

**रांची।** झारखंड और दक्षिण भारत के बीच रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में कोयंबटूर-रांची के बीच सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग एक बार फिर उठी है। दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने इस संबंध में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखकर सीधी ट्रेन परिचालन की आवश्यकता से अवगत कराया है। पत्र में अरुण जोशी ने उल्लेख किया है कि झारखंड से बड़ी संख्या में लोग दक्षिण भारत, खासकर कोयंबटूर, वेल्लोर स्थित सीएमसी, गंगाराम अस्पताल जैसी प्रमुख चिकित्सा संस्थाओं में इलाज के लिए नियमित यात्रा करते हैं।

इसके अलावा त्रिपुरा क्षेत्र के कपड़ा उद्योगों में कार्यरत झारखंड के श्रमिकों, छात्रों, पर्यटकों और शैक्षणिक उद्देश्यों से दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

## प्रधानाध्यापक को पेड़ से बांधकर पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के सियालबिंदा में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। सियालबिंदा गांव स्थित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक लखविंदर बेसरा को नीम के पेड़ से बांधकर पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इस मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, सियालबिंदा उच्च विद्यालय परिसर में आरोपियों ने शनिवार को बिना किसी ठोस कारण के प्रधानाध्यापक को स्कूल के नीम के पेड़ में बांध दिया।उनके साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उन्हें अपमानित भी किया गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था।

ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर जाकर मामले की जांच की। इसमें आरोपों की पुष्टि हुई। पुलिस ने बहरागोड़ा थाना कांड संख्या 05/26 के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपित मानिक बैरा, संजय बेरा, नन्दलाल बेरा (23 वर्ष) विनोद बेरा तथा नारायण बेरा को गिरफ्तार किया।

# पूजा पंडाल में भोजपुरी गीतों पर थिरकीं स्पेन की पर्यटक महिलाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** आरा के सिंगही स्थित मां सरस्वती पूजा पंडाल में उस समय विशेष दृश्य देखने को मिला, जब स्पेन से घूमने आई एक महिला पर्यटक भोजपुरी भक्ति संगीत पर झूम उठीं। मां सरस्वती की प्रतिमा के समीप उनका सहज नृत्य पंडाल में मौजूद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। ढोल, झाल और पारंपरिक भोजपुरी गीतों के बीच विदेशी महिला खुद को रोक नहीं सकीं और नृत्य करने लगीं। उनके साथ मौजूद दो अन्य विदेशी महिलाएं भी ताल से ताल मिलाती नजर आईं। इस दौरान पूजा पंडाल में उत्सव का माहौल और अधिक जीवंत हो गया।

नृत्य के दौरान छोटे-छोटे बच्चे भी विदेशी मेहमानों के साथ थिरकते दिखे। बच्चों और विदेशी पर्यटकों की यह साझा भागीदारी पंडाल में मौजूद लोगों के चेहरे पर मुस्कान ले आई और माहौल को और आनंदमय बना दिया।

विदेशी महिला का भावपूर्ण नृत्य देखकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। लोग इस अनोखे दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए। यह पल श्रद्धा और सांस्कृतिक अपनत्व का प्रतीक बन गया।स्थानीय लोगों ने कहा कि यह दृश्य बताता है कि भोजपुरी संस्कृति और भारतीय भक्ति परंपरा की खुशबू सरहदों से परे लोगों को जोड़ती है। स्पेन से आई महिला पर्यटक ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान भी जताया।

## नम आंखों से प्रतिमाओं का विसर्जन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजन उत्सव का समापन शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में हुआ।

प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ संपन्न हुआ बसंत पंचमी से आरंभ हुए इस पावन पर्व का समापन श्रद्धा भक्ति और उल्लास के बीच किया गया प्रखंड के अधिकांश गांव में पूजा समितियायों एवं आयोजकों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भव्य हुआ आकर्षक विकास विसर्जन जुलूस निकाले गए। प्रखंड के भगवती स्थान चित्तौड़ा में स्थापित प्रतिमा को सजाकर गाजे बाजे के साथ मंडप पर स्थापित 105 कलश एवं प्रतिमा को गाजे बाजे जुलूस के साथ कुंवारी कन्याओं के द्वारा नगर भ्रमण के साथ कोछल नदी में विसर्जित किया गया।प्रखंड क्षेत्र में आदि से अधिक जगहों पर शनिवार को प्रतिमा विसर्जन नहीं कर रविवार को किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान मां शारदे की सुसज्जित प्रतिमाओं को फूल मालाओं और रंग बिरंगी सजावट से सजे बहनों पर स्थापित किया गया था जुलूस के साथ चल रही भक्तों एवं छात्र-छात्राओं की टोलियां भक्ति गीतों आवश्यक जय-जय कारो पर झूमती नाचती नजर आई। जय मां शारदे ,या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता जैसे नारों से संपूर्ण क्षेत्र गूंज उठा।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गैरतपुर रहा विजयी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांझी (सारण)।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर जय मां काली पूजा समिति के तत्वावधान में गैरतपुर मैदान में शॉर्ट बॉउंड्री का एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गैरतपुर बनाम सलेमपुर के बीच खेला गया।फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए सलेमपुर की टीम आठ ओवर में मात्र 20 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जवाब में गैरतपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट से मैच जीत लिया।

मैच में मुख्य अतिथि के रूप में घोरहट पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्यारे अंगद और बीरेंद्र राय मौजूद रहे। दोनों अतिथियों द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीम को कप प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि प्यारे अंगद ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना होती है। स्थानीय स्तर पर आयोजित ऐसे टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच देना, खेल को बढ़ावा देना और सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाना है।

इस अवसर पर नीरज कुमार, प्रिंस कुमार, राजन कुमार, इरफान आलम, रितेश कुमार, उपेंद्र कुमार, सोनू आलम, मनोहर कुमार, रोहित कुमार, सेराज आलम, छोटन आलम सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# मनाया गया स्कूल का वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शनिवार को लाइफ लाईन इंग्लिश स्कूल तेतरिया मोड़ में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमका उद्घाटन बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर के जिला महासचिव सह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष अजय पांडेय , और जिला सचिव रिंकू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।मंच का संचालन कर रहे श्रवण कुमार सिंह ने परस्पर एवं पारंपरिक रूप से आगत सभी अतिथियों का स्वागत कराया ।

मुख्य अतिथि संतोष कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन सभी गुणों से भरा हुआ है। शिक्षा , संस्कार, और कला ही जीवन शैली है,केवल बच्चों को तराशने वाला चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनके पास असीम ताकत होती है,वह कुछ भी बन सकता है और सब कुछ कर सकता है। अभिभावक को बच्चों के प्रति सजग रहने की बात करते हुए कहा कि बच्चों पर किया जाने वाला




शिक्षण शुल्क आपका एक छोटा सा निवेश है जो दीर्घ कालिक रूप से हमेशा फलीभूत होते रहता है । बच्चों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी एक भूमिका होती है । आज निजी विद्यालयों में हो रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रंगारंग कार्यक्रमों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की दूरी सीमित हो रही है।

मंच की शोभा बढ़ा रहे सभी आगत अतिथियों में उपेंद्र मेहता ,शंकर चौहान ,पूर्णवासी यादव , हरिओम, लक्ष्मण राम , पंकज यादव, सीताराम चौहान एवं बैजनाथ मेहता ने अपने वक्तव्य से बच्चों को प्रोत्साहित किया।

अजय पांडेय और रिंकू सिंह ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि बच्चे वे फूल हैं जो कल देश रूपी फुलवारी में बहार लायेंगे। सांस्कृतिक आयामों से अनमोल गृहस्थी नामक नाटक ,रिकॉर्डिंग डांस एवं प्रहसन से सभी प्रतिभागियों ने समा बांध दी।

दर्शकदीर्घा में तालिया गूंजती रही। कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय केसंचालक सचिन पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# समलैंगिक संबंध बनाने से इनकार करने पर नाबालिग की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुतलुपूर पंचायत स्थित एक वार्ड में शनिवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि समलैंगिक संबंध बनाने से इनकार करने पर रिश्ते की बुआ ने अपनी नाबालिग भतीजी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद से आरोपित बुआ फरार हो गई। हालांकि पुलिस ने बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुआ के घर से नाबालिग का शव बरामद किया, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया। पुलिस के अनुसार बच्ची के गले पर दबाव के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। प्रथम दृष्टया मामला गला दबाकर हत्या किए जाने का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह का खुलासा होगा।

घटना के बाद स्वजन और ग्रामीणों में आक्रोश है। स्वजन ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि रिश्ते में लगने वाली बुआ का चाल-चलन पहले से ही संदेहास्पद रहा है। उनका कहना है कि वह लड़कों जैसी वेशभूषा और व्यवहार अपनाती थी तथा कुछ महिलाओं और युवतियों पर समलैंगिक संबंध बनाने का दबाव भी बनाती थी।स्वजनों के अनुसार नाबालिग बच्ची ने जब बुआ के साथ इस तरह के संबंध से साफ इन्कार कर दिया, तो गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी गई। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि आरोपित महिला पहले भी कुछ युवतियों को आर्थिक मदद या लोन दिलाने का झांसा देकर अपने प्रभाव में लेने का प्रयास करती थी।

मामले में बच्ची के चचेरे भाई ने पुलिस को कई अहम जानकारियां दी हैं, जिन्हें जांच का आधार बनाया जा रहा है। पुलिस ने आरोपित बुआ के घर से कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया गला घोंटकर हत्या किए जाने के संकेत मिले हैं।

## संपादकीय

# विकास की आड़ में प्रकृति की सुरक्षा दीवार को तोड़ने की तैयारी

विशेषज्ञों का मानना है कि अरावली के आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर को सामान्य बनाए रखने, रेगिस्तान बनने से रोकने और लोगों की आजीविका बचाने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है।देश में अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खनन तथा इसके पर्यावरण पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। ये तर्क सही हो सकते हैं कि खनन गतिविधियां विकास प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन क्या पर्यावरण की कीमत पर विकास की राह तलाशना उचित है? पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहे अरावली पर्वत-शृंखला के मसले को लेकर यह बहस जोर पकड़ रही है कि अगर कोई प्राकृतिक संरचना किसी क्षेत्र के लिए जीवन-धारा और सुरक्षा दीवार के रूप में खड़ी है, तो क्या उसका संरक्षण जरूरी नहीं है !हाल के वर्षों में अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियां बढ़ी हैं और इससे होने वाले नुकसान को लेकर उठी आवाज की अनदेखी हुई है। यही वजह है कि बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट किया कि अरावली में खनन और इससे संबंधित मुद्दों की व्यापक एवं समग्र जांच जरूरी है तथा इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाएगी। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अरावली क्षेत्र में अवैध खनन से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हो सकती है।गौरतलब है कि पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी थी कि आसपास की जमीन से कम से कम सौ मीटर ऊंचे हिस्से को ही अरावली पहाड़ी के तौर पर माना जाएगा। अदालत की इस नई परिभाषा के बाद यह आशंका पैदा हो गई थी कि अगर सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन, निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों के रास्ते खुलेंगे, तो इसके बाद समूचे इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर पर्यावरणीय प्रभाव पड़ सकते हैं।क्योंकि, पहाड़ियों के बीच पांच सौ मीटर की दूरी के मानक से अरावली का बड़ा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण से बाहर हो सकता था। हालांकि, बाद में शीर्ष अदालत ने अपने इस फैसले को स्थगित करते हुए कहा था कि इस मामले में कुछ गंभीर अस्पष्टताओं का समाधान जरूरी है। अब न्यायालय ने सरकार को चार सप्ताह के भीतर खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ और वैज्ञानिकों के नाम सुझाने का निर्देश दिया है, ताकि विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके।मगर यह पहलू भी महत्त्वपूर्ण है कि विशेषज्ञों की समिति बिना किसी दबाव और निष्पक्षता से अध्ययन कर अपने सुझाव सामने रखे। इस चिंता को दूर करने के लिए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा है कि यह समिति उसके निर्देशन और निगरानी में कार्य करेगी।दरअसल, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात से लेकर दिल्ली तक के सैकड़ों किलोमीटर इलाके में फैली अरावली पर्वत-शृंखला को उत्तर भारत में पर्यावरण को संतुलित रखने की लिहाज से एक प्राकृतिक दीवार के रूप में देखा जाता है। मगर पिछले कुछ वर्षों से अरावली क्षेत्र में जिस तरह पत्थर, रेत और अन्य संसाधनों की पूर्ति के लिए खनन गतिविधियां बढ़ी हैं, उससे इलाके के पर्यावरण पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि अरावली के आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर को सामान्य बनाए रखने, रेगिस्तान बनने से रोकने और लोगों की आजीविका बचाने के लिए इसका संरक्षण जरूरी है। इसे न केवल पर्यावरणीय, बल्कि भूगर्भीय और जलवायु संबंधी महत्त्व की दृष्टि से भी देखने और मूल्यांकन करने की जरूरत है। अगर अरावली की पहाड़ियों में अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से खनन पर रोक नहीं लगाई गई, तो निश्चित रूप से निकट भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

**इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12:05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे ग` में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद युवराज के पिता ने भी पुलिस को समय रहते हुए अवगत करा दिया था। सूत्रों के अनुसार 12.41 पर कंट्रोल रूम से कोतवाली प्रभारी के पास फोन आया था, जिसके चलते ही घटनास्थल पर कुछ समय के बाद ही 12.50 पर पुलिस फोर्स और दमकल कर्मी और 1.15 पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गयी थी। युवराज की जान बचाने के लिए सिस्टम ने प्रयास भी शुरू कर दिए थे, लेकिन अफसोस ना जाने क्यों वहां मौजूद सिस्टम विफल रहा और 1.45 पर बेसमेंट में भरे पानी में युवा इंजीनियर युवराज कार समेत डूब गया।**

# क्या नोएडा के युवा इंजीनियर युवराज की मौत से सिस्टम लेगा सबक?


**(दीपक कुमार त्यागी)**

इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12.05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी।

नोएडा के युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने देश के सिस्टम में व्याप्त लापरवाही पूर्ण सोच व खामियों की एकबार फिर से पोल खोलने का कार्य कर दिया है। दुर्घटना के बाद किसी के घर का चिराग सिस्टम की लापरवाही से पूरी वीरता से लड़ते हुए कुंभकर्णी नींद में सो रहे सिस्टम को जगाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही उत्तर प्रदेश के सिस्टम में हड़कंप मचा हुआ है, जिसके चलते ही तत्काल नोएडा प्राधिकरण ने इस घटना की जांच कराने की घोषणा कर दी थी और प्रारंभिक जांच के आधार पर अपनी गाज गिराते हुए एक इंजीनियर की नौकरी से समाप्ति तक की कार्रवाई कर दी, वहीं युवराज के पिता ने भी एफआईआर दर्ज करवाई है, और नोएडा प्रशासन ने भी दो लापरवाह बिल्डरों के खिलाफ़ एफ़आईआर दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस जांच करके आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं इस दुखद घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करते पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब करने आदेश दिए हैं, एसआईटी के गठन के तुरंत बाद ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. (आईएएस) को हटा कर प्रतिक्षा सूची में रख दिया गया है।

लेकिन इस घटना के बाद लगता है कि ऐसी भयंकर लापरवाही वाली स्थिति में क्या कभी भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाने के सपना को धरातल पर साकार होते हुए देखना हर देशभक्त भारतीय का अपना सपना है। लेकिन देश के सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों का लापरवाही पूर्ण व भ्रष्टाचार युक्त आचरण इस में सबसे बड़ा बाधक है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह सपना धरातल पर कैसे मूर्तरूप लेगा, यह एक बड़ा सवाल हर देशभक्त भारतीय के जहन में अक्सर घूमता रहता है। नोएडा में सिस्टम में बैठे कुछ लोगों की लापरवाही का एक उदाहरण शुक्रवार की रात नोएडा में हुई एक कार दुर्घटना के बाद देखने को मिला, जिस तरह से नोएडा में दिलो-दिमाग को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना घटित हुई, उसने दुनिया में हमें उपहास का पात्र बना दिया है, क्योंकि देश एक तरफ़ तो चंद्रमा व मंगल तक अंतरिक्ष की ऊंचाई को छूने का कार्य कर रहा है, वहीं सागर की गहराइयों को चीरते हुए तल तक जा रहा है, लेकिन सिस्टम को बचाव का पूरा समय मिलने के बावजूद भी सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों की अनिर्णय की स्थिति या लापरवाही के चलते देश के भविष्य 27 वर्षीय युवा इंजीनियर को जमीन पर भी नहीं बचा पा रहा है, जो ठीक नहीं है। यहां आपको बता दें कि इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12-05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद युवराज के पिता ने भी पुलिस को समय रहते हुए अवगत करा दिया था। सूत्रों के अनुसार 12.41 पर कंट्रोल रूम से कोतवाली प्रभारी के पास फोन आया था, जिसके चलते ही घटनास्थल पर कुछ समय के बाद ही 12.50 पर पुलिस फोर्स और दमकल कर्मी और 1.15 पर






एसडीआरएफ की टीम पहुंच गयी थी। युवराज की जान बचाने के लिए सिस्टम ने प्रयास भी शुरू कर दिए थे, लेकिन अफसोस ना जाने क्यों वहां मौजूद सिस्टम विफल रहा और 1.45 पर बेसमेंट में भरे पानी में युवा इंजीनियर युवराज कार समेत डूब गया। 1.55 बजे गाजियाबाद से एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची थी, लेकिन शायद जबतक युवराज को काल ने अपना ग्रास बना लिया था, जिसके बाद युवराज की तलाश शुरू हुई, 4.30 बजे युवराज के शरीर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जिसके बाद देशवासी हतप्रभ हैं कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक भारत में आखिर ऐसे कैसे काम चलेगा। मृतक के पिता के आरोप, मीडिया की रिपोर्ट व सूत्रों के अनुसार 27 वर्षीय युवा इंजीनियर युवराज ने कड़ाके की ठंड में जान बचाने की एक लंबी जद्दोजहद के दौरान डूबने से पहले कार की छत पर अपने पिता, सिस्टम के लोगों व अन्य लोगों के सामने लगभग 80-90 मिनट तक पूरे हौसले के साथ संघर्ष किया था। जबकि युवराज को बचाने के लिए पुलिस, दमकल विभाग और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीमें समय रहते मौकें पर मौजूद थी, लेकिन अफसोस तीनों विभाग की टीम भी मिलकर युवराज को नहीं बचा पायी। जिसके बाद से पिता व प्रत्यक्षदर्शियों के आरोप हैं कि कुछ महत्वपूर्ण संसाधनों के अभाव और बचाव टीम के कड़ाके की ठंड के चलते उचित प्रयासों के अभाव के चलते ही युवा युवराज की जान बचाने में विफलता हाथ लगी है, जिसकी सत्यता का एसआईटी की जांच में जल्द ही खुलासा हो जायेगा। मुख्यमंत्री योगी के द्वारा गठित एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस व प्रशासन के अन्य लोगों पर गाज गिरनी तय है।

लेकिन अब इक्कीसवीं सदी के आधुनिक शक्तिशाली भारत के हुक्मरानों व सिस्टम के सामने विचारणीय तथ्य यह है कि देश के दिल राजधानी दिल्ली से सटे क्षेत्र में नोएडा में डूबने से पहले कार की छत पर 80-90 मिनट तक एक 27 वर्षीय युवा जान बचाने के लिए संघर्ष करता रहता है और वहीं उस युवा को बचावकर्मियों की लगभग 80 कर्मियों की एक लंबी चौड़ी टीम मिलकर भी नहीं बचा पाए, यह स्थिति बेहद ही चिंताजनक व विचारणीय है। कार दुर्घटना के बाद डूबकर जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की यह कहानी दिल को झकझोर देने वाली और बेहद दर्दनाक है कि कैसे 27 वर्षीय युवराज मेहता ने खुद को अंतिम समय तक बचाने की भरसक कोशिश की थी, उसने दुर्घटना के बाद भी जबरदस्त हिम्मत से काम लिया। पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरने के बाद भी वह कड़ाके की ठंड में संघर्ष करते हुए कार की छत पर चढ़ने में कामयाब रहा था, उसके बाद अपने पिता को फोन करके हादसे की सूचना दी थी और डूबने से पहले युवराज जान बचाने की उम्मीद में लगभग 80-90 मिनट तक कार की छत पर खड़े होकर के वहां उपस्थित पिता व सिस्टम के लोगों से जल्दी जान बचाने की गुहार लगाता रहा, जो स्थिति बहुत ही हृदयविदारक थी। सूत्रों के अनुसार उस वक्त तक पुलिस, दमकल कर्मी व एसडीआरएफ की बचाव टीम मौके पर थी, एक बेबस लाचार पिता अपने घर के चिराग को बचाने के लिए सिस्टम से गुहार लगा रहा था, लेकिन अफसोस करीब 80 कर्मचारी मिलकर भी युवराज की जान नहीं बचा पाए। बाद में बचाव अभियान के असफल होने के कई कारण चर्चाओं में हैं उस दिन कोहरा बहुत ज्यादा ही था, जो बात एकदम सत्य है, जिसके चलते घटना स्थल पर बहुत ज्यादा अंधेरा था, बचाव कर्मियों के पास घटनास्थल पर उपलब्ध रस्सियों-सीढ़ियों की लंबाई कम थी, जिसके चलते युवराज तक बचाव कर्मी पहुंचने में विफल रहे और बाद में स्थल पर नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) के पहुंचने के बाद ही युवराज के शव को बाहर निकाला गया।

युवराज के पिता, दोस्तों और मौके पर उपस्थित लोगों का आरोप है कि इस घटना ने वहां पर उपस्थित पुलिस, दमकल और एसडीआरएफ की टीम के पास संसाधनों की कमी, कर्मियों की लापरवाही और मानवीय संवेदनहीनता को देशवासियों के सामने लाने का कार्य किया है 80 लोगों की भारी-भरकम ट्रेंड टीम के किसी एक भी सदस्य ने बेसमेंट के ठंडे पानी में उतरकर के युवराज की जान बचाने का साहस तक नहीं जुटाया, वहीं सूत्रों के अनुसार एक राह चलते हुआ अनट्रेंड डिलीवरी देने वाला युवक रस्सी बांध कर कड़ाके की ठंड में बेसमेंट के सरियों की चिंता किये बिना पानी में उतर गया था, उसने युवराज तक पहुंचने का प्रयास किया था, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। वहीं अफसोस घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस, दमकल व एसडीआरएफ के पास इस आपदा से निपटने के संसाधन कम पड़ गए थे, जिसके चलते देश का भविष्य एक 27 वर्षीय युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज जनमानस के जहन में अनेक सवाल छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कह गया, एक घर का चिराग संघर्ष करते हुए बुझ गया। लेकिन जिस तरह से इस पूरे मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया उससे लगता है कि इस मामले में अभी बहुत सारे लोगों पर गाज गिरनी तय है। हालांकि उससे अब युवराज तो वापस आना वाला नहीं है, लेकिन एक आम देशवासी के नाते हम लोग यह उम्मीद करते हैं कि इस तरह की घटना से सिस्टम भविष्य में सबक अवश्य लें, ऐसी भयंकर लापरवाही देश में फिर कभी किसी के घर का चिराग ना बुझे, देश के हुक्मरान व सिस्टम पूरे देश में एक ऐसा आधुनिक संसाधनों युक्त कारगर सरकारी तंत्र अवश्य विकसित कर लें जो एक-एक जान की अहमियत अवश्य समझें। (लेखक अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## कदम कदम बढ़ाए जा

**(वंशीधर शुक्ल)**

क़दम क़दम बढ़ाए जा
खुशी के गीत गाए जा;
ये ज़िंदगी है क़ौम की,
तू क़ौम पे लुटाए जा।



उड़ी तमिस्र रात है, जगा नया प्रभात है,
चली नई जमात है, मानो कोई बरात है,
समय है, मुस्कुराए जा,
खुशी के गीत गाए जा।
ये ज़िंदगी है क़ौम की
तू क़ौम पे लुटाए जा।
जो आ पड़े कोई विपत्ति मार के भगाएंगे,
जो आए मौत सामने तो दांत तोड़ लाएंगे,
बहार की बहार में
बहार ही लुटाए जा।
क़दम क़दम बढ़ाए जा,
खुशी के गीत गाए जा।
जहाँ तलक न लक्ष्य पूर्ण हो समर करेंगे हम,
खड़ा हो शत्रु सामने तो शीश पै चढ़ेंगे हम,
विजय हमारे हाथ है
विजय-ध्वजा उड़ाए जा।
क़दम क़दम बढ़ाए जा,
खुशी के गीत गाए जा।
ये जिंदगी है कौम की
तू कौम पे लुटाए जा।

## वीरों का कैसा हो वसंत?

**(सुभद्रा कुमारी चौहान)**

वीरों का कैसा हो वसंत?
आ रही हिमाचल से पुकार,
है उदधि गरजता बार-बार,
प्राची, पश्चिम, भू, नभ अपार,
सब पूछ रहे हैं दिग्-दिगंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?
फूली सरसों ने दिया रंग,
मधु लेकर आ पहुंचा अनंग,
वधु-वसुधा पुलकित अंग-अंग,
हैं वीर वेश में किंतु कंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?
भर रही कोकिला इधर तान,
मारू बाजे पर उधर गान,
है रंग और रण का विधान,
मिलने आये हैं आदि-अंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?
गलबाहें हों, या हो कृपाण,
चल-चितवन हो, या धनुष-बाण,
हो रस-विलास या दलित-त्राण,
अब यही समस्या है दुरंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?
कह दे अतीत अब मौन त्याग,
लंके, तुझमें क्यों लगी आग?
ऐ कुरुक्षेत्र! अब जाग, जाग,
बतला अपने अनुभव अनंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?
हल्दी-घाटी के शिला-खंड,
ऐ दुर्ग! सिंह-गढ़ के प्रचंड,
राणा-ताना का कर घमंड,
दो जगा आज स्मृतियाँ ज्वलंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?
भूषण अथवा कवि चंद नहीं,
बिजली भर दे वह छंद नहीं,
है कलम बंधी, स्वच्छंद नहीं,
फिर हमें बतावे कौन? हंत!
वीरों का कैसा हो वसंत?

## स्वदेश का प्यार

गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'

वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं॥
जो जीवित जोश जगा न सका,
उस जीवन में कुछ सार नहीं।
जो चल न सका संसार-संग,
उसका होता संसार नहीं॥
जिसने साहस को छोड़ दिया,
वह पहुंच सकेगा पार नहीं।
जिससे न जाति-उद्धार हुआ,
होगा उसका उद्धार नहीं॥
जो भरा नहीं है भावों से,
बहती जिसमें रस-धार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं॥
जिसकी मिट्टी में उगे बढ़े,
पाया जिसमें दाना-पानी।
है माता-पिता बंधु जिसमें,
हम हैं जिसके राजा-रानी॥
जिसने कि खजाने खोले हैं,
नवरत्न दिये हैं लासानी।
जिस पर ज्ञानी भी मरते हैं,
जिस पर है दुनिया दीवानी॥
उस पर है नहीं पसीजा जो,
क्या है वह भू का भार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं॥
निश्चित है निस्संशय निश्चित,
है जान एक दिन जाने को।
है काल-दीप जलता हरदम,
जल जाना है परवानों को॥
है लज्जा की यह बात शत्रु—
आये आंखें दिखलाने को।
धिक्कार मर्दुमी को ऐसी,
लानत मर्दाने बाने को॥
सब कुछ है अपने हाथों में,
क्या तोप नहीं तलवार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं॥

# नाम है बोर्ड ऑफ पीस मगर इसने दुनिया भर के नेताओं के मन की शांति छीन ली है

**हम आपको बता दें कि बोर्ड ऑफ पीस ट्रंप की बीस सूत्रीय गाजा शांति योजना का केन्द्रीय स्तम्भ है। इस बोर्ड में शामिल होने के लिए दुनिया भर के दर्जनों देशों को न्योता दिया गया है। खास बात यह है कि ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बोर्ड की स्थायी सदस्यता के लिए न्यूनतम एक अरब डॉलर का योगदान अनिवार्य होगा। यानी शांति में भागीदारी अब नैतिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि आर्थिक हैसियत से तय होगी। अब तक मध्य पूर्व और एशिया के कई देशों ने इस बोर्ड में शामिल होने की हामी भरी है। सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जॉर्डन, तुर्की, इंडोनेशिया और पाकिस्तान जैसे देशों ने इस पहल को समर्थन देने का संकेत दिया है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

अब तक मध्य पूर्व और एशिया के कई देशों ने इस बोर्ड में शामिल होने की हामी भरी है। सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जॉर्डन, तुर्की, इंडोनेशिया और पाकिस्तान जैसे देशों ने इस पहल को समर्थन देने का संकेत दिया है।

दुनिया की कूटनीति एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इर्द गिर्द घूमने लगी है। इस बार कारण है उनका नया और विवादास्पद प्रस्ताव बोर्ड ऑफ पीस। देखा जाये तो इस बोर्ड के नाम में भले पीस शब्द हो लेकिन इसने दुनिया भर के नेताओं के मन में अशांति पैदा कर दी है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने इस प्रस्ताव को गाजा में स्थायी युद्धविराम, पुनर्निर्माण और दीर्घकालिक शांति की निगरानी के लिए पेश किया है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह बोर्ड अब केवल गाजा तक सीमित नहीं रहा। यह पहल धीरे धीरे एक ऐसे वैश्विक मंच का रूप ले रही है जो संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को सीधी चुनौती देती दिखाई देती है।

हम आपको बता दें कि बोर्ड ऑफ पीस ट्रंप की बीस सूत्रीय गाजा शांति योजना का केन्द्रीय स्तम्भ है। इस बोर्ड में शामिल होने के लिए दुनिया भर के दर्जनों देशों को न्योता दिया गया है। खास बात यह है कि ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बोर्ड की स्थायी सदस्यता के लिए न्यूनतम एक अरब डॉलर का योगदान अनिवार्य होगा। यानी शांति में भागीदारी अब नैतिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि आर्थिक हैसियत से तय होगी।

अब तक मध्य पूर्व और एशिया के कई देशों ने इस बोर्ड में शामिल होने की हामी भरी है। सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जॉर्डन, तुर्की, इंडोनेशिया और पाकिस्तान जैसे देशों ने इस पहल को समर्थन देने का संकेत दिया है। इनके अलावा कुछ अफ्रीकी और मध्य एशियाई देशों ने भी भागीदारी के संकेत दिए हैं। इन देशों का तर्क है कि संयुक्त राष्ट्र की जटिल और धीमी प्रक्रियाओं के मुकाबले ट्रंप का मॉडल तेज और निर्णायक साबित हो सकता है।

मगर यूरोप में इस बोर्ड को लेकर तस्वीर बिल्कुल उलटी है। फ्रांस, नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवेनिया जैसे देशों ने साफ शब्दों में कहा है कि वह किसी ऐसे मंच का हिस्सा नहीं बनेंगे जो अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की वैधता को कमजोर करे। जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देश खुले तौर पर विरोध नहीं कर रहे लेकिन वह भी इस प्रस्ताव को लेकर असमंजस में हैं। इस तरह यूरोप दो खेमों में बंटता नजर आ रहा है, एक खेमा इसे अमेरिका केंद्रित शक्ति प्रदर्शन मानता है तो दूसरा इसे व्यावहारिक समाधान के रूप में देखने की कोशिश कर रहा है।

वहीं भारत का रुख अब तक संतुलित और सावधान रहा है। भारत को बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का निमंत्रण जरूर मिला है लेकिन नई दिल्ली ने अभी तक कोई स्पष्ट सहमति नहीं दी है। भारत परंपरागत रूप से संयुक्त राष्ट्र आधारित बहुपक्षीय व्यवस्था का समर्थक रहा है। भारत इस बात का आकलन कर रहा है कि यह बोर्ड वास्तव में शांति का माध्यम बनेगा या केवल राजनीतिक दबाव और प्रभाव का नया औजार।




इसी बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बयान इस पूरे घटनाक्रम को और जटिल बना देता है। पुतिन ने कहा है कि अमेरिका में फ्रीज रूसी संपत्तियों में से एक अरब डॉलर बोर्ड ऑफ पीस को दिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह रकम गाजा में युद्धविराम और पुनर्निर्माण की निगरानी के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। पुतिन ने यह भी कहा कि बाकी फ्रीज संपत्तियों का उपयोग यूक्रेन में युद्ध समाप्त होने के बाद वहां के पुनर्निर्माण के लिए किया जा सकता है।

देखा जाये तो पुतिन का यह प्रस्ताव केवल उदारता नहीं बल्कि एक सोची समझी रणनीति है। दरअसल, अमेरिका में रूस की चार से पांच अरब डॉलर की संपत्ति फ्रीज है जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण की जरूरतों के सामने नगण्य है। पुतिन का असली उद्देश्य ट्रंप को यह संदेश देना है कि रूस टकराव नहीं बल्कि सौदेबाजी चाहता है। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब ट्रंप रूस और यूक्रेन दोनों पर शांति प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोप लगा चुके हैं और रूस के व्यापारिक साझेदारों पर नए प्रतिबंधों की धमकी भी दे चुके हैं। पुतिन ने साथ ही यह भी कहा है कि अमेरिका की अगुवाई वाले 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने पर कोई भी फैसला रणनीतिक साझेदारों से परामर्श के बाद ही लिया जाएगा। पुतिन ने बताया है कि रूस को भेजे गए प्रस्ताव में पश्चिम एशिया में समझौते, फिलस्तीन के लोगों की समस्याओं के संभावित समाधान खोजने तथा गाजा पट्टी में सबसे गंभीर मानवीय संकट को हल करने जैसी बातें प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, मैं सबसे महत्वपूर्ण बिंदु पर जोर देना चाहूंगा। अहम बात यह है कि पूरी प्रक्रिया फिलस्तीन-इजराइली संघर्ष के दीर्घकालिक समाधान पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली हो और यह संयुक्त राष्ट्र के संबंधित निर्णयों के आधार पर हो।''

देखा जाये तो ट्रंप का बोर्ड ऑफ पीस दरअसल शांति से ज्यादा शक्ति की राजनीति का नया प्रयोग है। यह पहल यह साफ करती है कि 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में शांति भी अब बाजार के नियमों पर चलेगी। जिसके पास पैसा है वही शांति की मेज पर बैठेगा और जिसके पास पैसा नहीं वह केवल फैसलों का पालन करेगा।

संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी सार्वभौमिकता रही है। वहां छोटे और बड़े देश एक ही मंच पर खड़े होते हैं। ट्रंप का बोर्ड इस अवधारणा को उलट देता है। यहां स्थायी सदस्यता धन से खरीदी जा सकती है। यह मॉडल अंतरराष्ट्रीय राजनीति को नैतिकता से हटाकर खुले सौदेबाजी के रास्ते पर ले जाता है।

यूरोप का विरोध इसी डर से पैदा हुआ है। फ्रांस और नॉर्डिक देशों को आशंका है कि अगर बोर्ड ऑफ पीस को वैधता मिल गई तो संयुक्त राष्ट्र केवल एक औपचारिक संस्था बनकर रह जाएगी। इसके उलट मध्य पूर्व के कई देश इसे अवसर के रूप में देख रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इस मंच के जरिये वे सीधे अमेरिका के साथ अपने हित साध सकते हैं।

भारत के लिए यह स्थिति बेहद नाजुक है। एक ओर वह वैश्विक मंचों पर बड़ी भूमिका चाहता है तो दूसरी ओर वह किसी ऐसे ढांचे का हिस्सा नहीं बनना चाहता जो नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करे। भारत का झुकाव फिलहाल प्रतीक्षा और मूल्यांकन की नीति की ओर दिखता है।

रूस की भूमिका इस पूरे खेल को और खतरनाक बना देती है। पुतिन बोर्ड ऑफ पीस को शांति मंच से ज्यादा सौदेबाजी के मंच के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। उनका प्रस्ताव यह दिखाता है कि वह फ्रीज संपत्तियों को भी कूटनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने को तैयार हैं। यह कदम रूस को प्रतिबंधों से राहत दिलाने की कोशिश भी है और अमेरिका के साथ सीधा संवाद बनाने की चाल भी।

बहरहाल, सवाल यह है कि क्या बोर्ड ऑफ पीस वास्तव में शांति ला पाएगा या यह दुनिया को नए ध्रुवों में बांट देगा। फिलहाल जो संकेत हैं वह बताते हैं कि यह बोर्ड शांति से ज्यादा शक्ति संतुलन को बदलने का औजार बन सकता है। ट्रंप की यह पहल दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि आने वाले समय में शांति किसी सिद्धांत से नहीं बल्कि सौदे से तय होगी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### 26 जनवरी से पहले सघन चेकिंग में हरैया थाना क्षेत्र से तस्करी की शराब जब्त, तस्कर फरार

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 26 जनवरी के ठीक एक दिन पहले चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान हरैया थानांतर्गत अहिरवा टोला में एसएसबी एवं हरैया पुलिस के संयुक्त अभियान में तस्करी की शराब जब्त की गई है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई।पुलिस के अनुसार मौके से ब्लैक



ओक ब्रांड की 180 एमएल की 64 बोतलें तथा एएनवी बीयर 500 एमएल की 17 बोतलें बरामद की गई हैं। छापेमारी के दौरान तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस मामले में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध हरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फरार तस्कर की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और शराब तस्करी सहित सभी अवैध गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करेंगे केन्द्रीय पूर्व मंत्री

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण )/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा का अनावरण 26 जनवरी को एक बजे दिन में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह करेंगे। 26 जनवरी के कार्यक्रम



को लेकर कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अखिलेश सिंह एवं बिहार बंगाली समिति के अध्यक्ष अतुल दास अपने सहयोगियों के साथ अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। पार्क की साफ सफाई और रंग-रोगन का काम अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में सुबह शहर के विभिन्न स्थानों से गाजे बाजे के साथ जुलूस के साथ सुभाष पार्क तक पहुंचेगा। लोकार्पण समारोह के पूर्व दिवस पर सांसद श्री सिंह ने सुभाष पार्क का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। श्री सिंह ने उक्त अवसर पर शहरवासियों का बड़ी संख्या में सुभाष पार्क आने का आह्वान किया है। 26 जनवरी को सुभाष पार्क में लॉयंस क्लब, मोतिहारी और बिहार बंगाली समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

### लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लायंस क्लब ऑफ छपरा द्वारा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर डॉ. मकेश्वर चौधरी, डॉ. किरण ओझा, डॉ. अमित रंजन, डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा एवं डॉ. बबन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान करने वालों में भारत टेक्निकल एकेडमी के सदस्य, लायंस क्लब छपरा के सदस्य तथा अनेक सामाजिक कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से इरफान अंसारी, आर्यन कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, सौरभ कुमार ट्विंकल समेत कई युवाओं ने अपना





योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. संदीप कुमार, डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा, बबन सिंह, डॉ. मकेश्वर चौधरी, डॉ. अमित रंजन (सर्जन), डॉ. किरण ओझा, डॉ. मनोज कुमार वर्मा, डॉ. विकास कुमार सिंह, छपरा ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, वरिष्ठ सदस्य रिजवी साहब, विक्की आनंद, चुलबुल सिंह, सचिव लायन राकेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार ट्विंकल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रकट करते हुए सचिव लायन राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि रक्तदान महादान है और ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

### मंदिर परिसर में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी नगर पंचायत के कुँवर टोली स्थित नरसिंह भगवान मंदिर परिसर में सरस्वती पूजा के अवसर पर सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मांझी थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश यादव द्वारा



दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित, हिन्दी एवं संस्कृत से जुड़े प्रश्नों की क्विज प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका राजा कुमार शर्मा एवं दीपक कुमार शर्मा ने निभाई और मंच संचालन भी किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार राज शर्मा और तृतीय पुरस्कार आकृति शर्मा को प्रदान किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कारस्वरूप कॉपी-कलम भेंट किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती पूजा जैसे पवित्र अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों में शिक्षा का प्रकाश फैलाने और उनके आत्मबल को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है।

### कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई

मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, 'भारत रत्न' से सम्मानत जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती शनिवार को जानपुल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम के बाद मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का सामाजिक न्याय, समानता और वंचितों के उत्थान के लिए संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है, जो हमें सदैव जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दे कर उनके सामाजिक संघर्ष को सम्मान देने जो महती कार्य किया, उसके लिए हम बिहारवासी आभारी हैं। मौके पर उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मुखिया जितेन्द्र सिंह के सौजन्य से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के चर्चित मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा 26 जनवरी के मध्य नजर शनिवार के दिन भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, मुखिया श्री सिंह को वीते वर्ष प्रधानमंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया है पंचायत में इनके द्वारा बुनियादी सुविधाएं, सड़क,नाला,जैसे विकास कार्यों में अति सराहनीय कार्य किया गया था, इनके सम्मान में हजारों की संख्या में पंचायत के लोग , पंचायत के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक,एवं छात्र छात्राएं हाथों तिरंगा लिए महापुरूषों की महिमा मंडन का व्याख्यान करते दिखे गये, पंचायत के विभिन्न गांवों में भ्रमण करते हुए वेदना, श्याम पुर बाजार के कयी चौक चौराहे से गुजर कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया गया, मुखिया के सहयोगी सुनिल कुमार सिंह, चांद मोहम्मद, उपस्थित थे।

### मैनाटांड बार्डर से गांजा जब्त, तस्कर धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैनाटांड पुलिस एंव 47 वी बटालियन के एसएसबी की संयुक्त कारवाई में बभनौली गांव के पास से गांजा के साथ एक तस्कर को धर दबोचा गया है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि सुचना मिली कि नेपाल से मादक पदार्थ का खेप आने वाला है। त्वरित कारवाई करते हुए चप्पा चप्पा नाका लगा दी गयी। इस दौरान एक संदिग्ध नेपाल की ओर से आते हुए दिखाई दिया। पुलिस और जवान उसे रोककर सघन तलाशी लेने शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान 4.100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उन्होने बताया कि तस्कर की पहचान पर्सा जिला नेपाल के सुहपूर सोहरी के जगभगत यादव बताया जाता है।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर समाहरणालय में भव्य समारोह

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की अपील



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय सभाकक्ष में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ह्णह्णतरणजोत सिंहह्णह्ण ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित थीम माय इंडिया, माय वोट के तहत लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम की शुरूआत स्वीप ऑडियो-वीडियो एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संदेश के प्रसारण से हुई। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक नागरिक का मत अमूल्य है।उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी और वर्ष 2011 से यह दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान जिले के 9 विधानसभा क्षेत्रों में 3156 मतदान केंद्रों पर 12,624 कर्मियों ने निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया। मतदान प्रतिशत 60.59 से बढ़कर 72.03 प्रतिशत होना मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट, ऑनलाइन पंजीकरण, वोटर हेल्पलाइन एप और डिजिटल वोटर आईडी की जानकारी दी। कार्यक्रम में मतदान की शपथ दिलाई गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस को लेकर पंचायत कार्यालयों में सफाई अभियान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों में गणतंत्र दिवस की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी पंचायत कार्यालयों में झंडोतोलन किया जाएगा और तिरंगे को सलामी दी जाएगी।रविवार को गोखुला, राजपुर तुमकड़िया, पुरैनिया हरसरी, शिकारपुर, बरवा बरौली, केसरिया सहित अन्य पंचायतों के पंचायत कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई कराई गई। सभी पंचायतों में सोमवार सुबह 9 बजे पंचायत के मुखिया द्वारा झंडोतोलन किया जाएगा।केसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि तारिक अनवर ने बताया कि स्वच्छता कर्मियों को साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो।

## मुखिया जितेन्द्र सिंह के सौजन्य से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के चर्चित मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा 26 जनवरी के मध्य नजर शनिवार के दिन भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, मुखिया श्री सिंह को वीते वर्ष प्रधानमंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया है पंचायत में इनके द्वारा बुनियादी सुविधाएं, सड़क,नाला,जैसे विकास कार्यों में अति सराहनीय कार्य किया गया था, इनके सम्मान में हजारों की संख्या में पंचायत के लोग , पंचायत के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक,एवं छात्र छात्राएं हाथों तिरंगा लिए महापुरूषों की महिमा मंडन का व्याख्यान करते दिखे गये, पंचायत के विभिन्न गांवों में भ्रमण करते हुए वेदना, श्याम पुर बाजार के कयी चौक चौराहे से गुजर कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया गया, मुखिया के सहयोगी सुनिल कुमार सिंह, चांद मोहम्मद, उपस्थित थे।



## विकसित भारत युवा समिति ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस जयंती

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेहरू युवा केंद्र के द्वारा ओम कोचिंग के प्रांगण में सुभाष चन्द्र बोस जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित की गई यह कार्यक्रम विकसित भारत युवा समिति बखरी के द्वारा करायी गई, संचालन करता अमन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देश भक्ति, नेतृत्व भावना,और राष्ट्र निर्माण के जागरूकता बढ़ाना है, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एस एस बी के असिस्टेंट कमांडेंट प्रमोद कुमार उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया,इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं की भागीदारी रही, बच्चों ने सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर बारी बारी से सम्बोधन कर देश भक्ति का जज्बा दिखाया,उनके संघर्ष और देश के प्रति अद्वितीय योगदान पर प्रभावशाली भाषण दिया,अमन कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम अत्यन्त सुव्यवस्थित, अनुशासित और प्रेरणा दायक रहा, विद्यालय के डायरेक्टर रामकिशोर शिक्षक शिव कुमार, जवाहरलाल ठाकुर, देवेन्द्र प्रसाद,अजय प्रसाद कुशवाहा, प्रोफेसर राज कुमार पाण्डेय, पूर्व सरपंच हाशिम मियां, उपस्थित थे, अतिथियों के द्वारा प्रथम अंजलि कुमारी, द्वितीय सुधा कुमारी, तृतीय 7 किलो नतिमा कुमारी को पुरस्कृत किया गया,साथ ही हलीमा खातून, हुस्न तारा, पुष्पा कुमारी, ओम्‍ बाबू कुमार,सोनम कुमारी,दिलशेर आलम,सारिका कुमारी,सानवी कुमारी, बबीता कुमारी, सौम्य कुशवाहा को मेडल से सम्मानित किया गया।





## विकसित भारत 2047 चित्र प्रदर्शनी में मन की बात का 130 वां अंक प्रसारित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा विकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान के दूसरे दिन बेतिया राज कचहरी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 130वां अंक बड़े एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किया गया।इस अवसर पर सांसद डॉ. संजय जयसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मन की बात के उपरांत राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी केंद्र सरकार के पिछले 11 वर्षों के विकास कार्यों को प्रभावी रूप से दशार्ती है और आमजन को इससे अवश्य जुड़ना चाहिए।जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय योजनाओं पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही लोक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक एवं जादूगर ए. के. सरकार के माध्यम से भी जनजागरूकता फैलाई गई।सीबीसी सीतामढ़ी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अंसारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का संचालन ग्यास अख्तर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नवल किशोर झा ने दिया।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई गई मतदान की शपथ**



## मशरक में चोरी की घटनाएं बढ़ीं, बंद मकान से लाखों के सामान चोरी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के दुगौली गांव में चोरों ने बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाते हुए मुख्य गेट का ताला तोड़ लाखों रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। घटना कन्हैया पंडित, पिता हरिनारायण पांड़ित, के बंद घर में घटी, जो इस समय अपने परिवार के साथ रोजी-रोटी के सिलसिले में भोपाल में रह रहे हैं। इस घटना को लेकर ग्राम पंचायत पांड़ित (निवासी—चैनपुर, तरैया) ने बताया कि चोरों ने घर से फ्रिज, वाशिंग मशीन, कूलर, गहने, होंडा शाइन मोटरसाइकिल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि लगभग दो महीने पहले कन्हैया पांड़ित के बेटे की शादी हुई थी और शादी में मिले उपहार भी घर में ही रखे थे, जिन्हें चोर उठा ले गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मशरक पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच-



के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले का त्वरित उद्भेदन करते हुए शामिल चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने बताया कि शनिवार की रात में चोरों ने कन्हैया पांड़ित के घर का मुख्य ताला तोड़कर प्रवेश किया और घर में रखे सभी कीमती सामान समेट ले गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह आसपास के ग्रामीणों द्वारा दी गई। कन्हैया पांड़ित के रिश्तेदार विनय पड़ताल की है। चोरी की खबर मिलते ही कन्हैया पांड़ित का परिवार भोपाल से घर लौटने के लिए रवाना हो चुका है। मशरक में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व आक्रोश का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चोर लगातार सक्रिय हैं, जिससे लोगों का घरों में सुरक्षित रहना भी मुश्किल हो गया है। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस घटना का उद्भेदन कर पाता है या नहीं।

## एसडीएम ने दिलाई निष्पक्ष मतदान की शपथ


**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने लोकतंत्र की मयार्दा बनाए रखने एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। इसके उपरांत एसडीएम एवं बीडीओ सूरज कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।रैली अनुमंडल कार्यालय परिसर से निकलकर ब्लॉक रोड सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। एसडीएम ने बताया कि सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया तथा रैली के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई।इस अवसर पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का मतदाता पंजीकरण भी सभी बूथों पर किया गया।उधर, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 एवं बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर वीरेंद्र कुमार सिंह, सुभाष मिश्रा, बीएलओ भोला गुप्ता तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर गोविंद शर्मा शामिल हैं।

## रक्सौल के बैंक रोड पर पुराने ढलाई रोड को तोड़कर सड़क निर्माण कार्य शुरू

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल बैंक रोड पर पुराने ढलाई रोड को तोड़कर नए सिरे से सड़क निर्माण का कार्य शुक्रवार की देर रात से शुरू कर दिया गया। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे इस कार्य के तहत जर्जर हो चुकी पुरानी ढलाई सड़क को हटाकर आधुनिक और मजबूत सड़क बनाई जाएगी। रात के समय कार्य शुरू किए जाने से दिन में लगने वाले भारी ट्रैफिक को भी आंशिक रूप से राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक रोड पर कई प्रमुख बैंक, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और दफ्तर स्थित हैं, जिससे यहां पूरे दिन लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति लंबे समय से आम लोगों और व्यवसायियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव और गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता था। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही बैंक रोड पर यातायात सुचारू होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। नगर परिषद के अनुसार सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि आम जनता को कम से कम असुविधा हो। निर्माण अवधि के दौरान प्रशासन ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

## अंगिता कुमारी बनीं एक दिन के लिए बनकटवा पंचायत की सरपंच

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरपंच राजकुमार द्वारा रविवार को मध्य विद्यालय की छात्राओं की एक परीक्षा ली।परीक्षा राजबहादुर राजकली बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित की गयी।परीक्षा में उत्कमित माध्यमिक विद्यालय बनकटवा बालक की छात्रा अंगिता कुमारी परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्राओं में सर्वाधिक अंक लायी ।अंगिता को 100 में 70 अंक आया।परीक्षा का उदेश्य अव्वल छात्रा को एक दिन के लिए बनकटवा पंचायत का सरपंच बनाना था।एक दिन के सरपंच के लिए परीक्षा नियंत्रक धर्मेन्द्र कुमार, कोचिंग संचालक थेएक दिन का सरपंच अंगिता 26 जनवरी को झंडोतोलन ग्राम कचहरी बनकटवा में करेंगे।झंडोतोलन के बाद वे ग्राम कचहरी का संचालन करेंगे।सरपंच बनते ही एक दिनी सरपंच को ग्रामीण साह अभिभावकों ने उन्हें बधाई देना शुरू किया। बनकटवा बीइओ द्वारा एक पत्र जारी कर पंचायत के सभी प्रधान शिक्षकों को परीक्षा में बच्चे भेजने का आदेश दिया था।



## रक्सौल-वीरगंज की शैक्षणिक सेतुकार प्रो. डॉ. किरण बाला सेवानिवृत्त, निःशुल्क शिक्षा का लिया संकल्प

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल से वीरगंज तक का सफर केवल भौगोलिक सीमाओं को पार करने का नहीं, बल्कि भारतझ्रनेपाल शैक्षणिक मैत्री को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रतीक बन गया। ठाकुर राम बहुमुखी क्याम्पस, वीरगंज की प्रतिष्ठित वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) किरण बाला ने 37 वर्षों की गरिमामयी सेवा के बाद शनिवार को सेवानिवृत्ति ग्रहण की। इस अवसर पर सिद्धार्थ दियालु होटल में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में प्रो. बाला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ह्लशिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होताह्व और उन्होंने घोषणा की कि वे अब जीवन की अगली पारी विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए समर्पित करेंगी। स्वर्ण पदक विजेता प्रो. बाला ने भावुक होते हुए बताया कि वे मात्र एक वर्ष के लिए ह्यगेस्ट टीचरह्व बनकर वीरगंज आई थीं, लेकिन यहाँ के विद्यार्थियों के अनुशासन, सम्मान और प्रेम ने उन्हें यहीं का बना लिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में उन्हें जो आत्मिक संतोष और सामाजिक सम्मान मिला, वह अतुलनीय है। समारोह की अध्यक्षता नेपालझ्रभारत सहयोग मंच के अध्यक्ष अशोक बैद ने की। मुख्य अतिथि भारतीय महावाणिज्य दूत देवी सहाय मीणा ने प्रो. बाला को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार सिन्हा ने उनकी सेवा को शिक्षा साधना की संज्ञा दी। वरिष्ठ पत्रकार चंद्रकिशोर झा एवं वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के उपाध्यक्ष माधव राजपाल ने कहा कि प्रो. बाला द्वारा निर्मित रक्सौल-वीरगंज का 'शिक्षा सेतु' नेपाल की शैक्षणिक व्यवस्था में भारतीय योगदान का अविस्मरणीय अध्याय है। इस अवसर पर प्रो. चंद्रमा सिंह, प्रो. राजकिशोर सिंह, पूर्व क्याम्पस चीफ प्रो. रणजीत यादव, प्रो. कन्हैया झा, डॉ. उमेश चौरसिया, मनीष सिंह (एमडी, नेशनल इंफोटेक), प्रो. डॉ. विद्यानंद प्रसाद, प्रो. राय यतीन्द्र प्रसाद, ग्रुप कैप्टन राजीव रंजन सहित अनेक शिक्षाविद्, प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगपति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. मनीष दूबे ने किया। समारोह ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रो. (डॉ.) किरण बाला का जीवन और कर्म समाज के लिए समर्पित शिक्षा की जीवंत मिसाल है।





CMYK

## भारत पहुंचीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, फ्री ट्रेड और डिफेंस डील पर लगेगी मुहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच रहे हैं।

**1. रक्षा साझेदारी:** दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देंगे।

**2. नौकरी और मोबिलिटी:** भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में काम करना और आना-जाना आसान बनाने के लिए एक मोबिलिटी फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।

**भारत का फायदा:** अच्छी बात यह है कि भारत ने



इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।

यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है।

**सबसे बड़ी खबर: फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर फैसला-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय नेताओं के बीच होने वाली इस शिखर वार्ता में सबसे बड़ा आकर्षण मुक्त व्यापार समझौता है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से अटके इस समझौते के पूरा होने की घोषणा इस बैठक में की जा सकती है।

वैश्विक संकेत यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऐसे में दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र-भारत और यूरोपीय संघ-आपसी विश्वास और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने हवाई अड्डे पर उर्सुला वॉन डेर लेन का स्वागत किया, जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक साझेदारी का अगला चरण बताया।

## महारत्न कंपनी का नेट प्रॉफिट 88 प्रतिशत बढ़ा, 10 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएसयू भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। वित्तीय लिहाज से इस सरकारी कंपनी का प्रदर्शन तीसरी तिमाही में शानदार रहा है। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि उनका नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 88.87 प्रतिशत बढ़ा है। इस बार कंपनी को कुल 7188.40 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 3805.94 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, तिमाही नतीजों के साथ

BPCL
Bharat Petroleum
Bharat Petroleum Corporation Limited

कंपनी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है।

अक्टूबर से दिसंबर के दौरान बीपीसीएल का ऑपरेशंस का रेवन्यू 1,36,653.12 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 127550.57 करोड़ रुपये रहा था। सालाना आधार पर कंपनी के रेवन्यू 7.13 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बता दें, तिमाही दर तिमाही के आधार पर कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 16.10 प्रतिशत की इजाफे के बाद 6191.49 करोड़ रुपये रहा।

### डिविडेंड का भी हुआ ऐलान

तिमाही नतीजों के साथ बीपीसीएल ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 10 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। यानी योग्य निवेशकों एक शेयर पर 100 प्रतिशत का फायदा होगा। बता दें, कंपनी 21 फरवरी या उससे पहले डिविडेंड का भुगतान कर देगी। महारत्न कंपनी ने डिविडेंड के लिए 2 फरवरी, दिन सोमवार की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

### यूरोप में वीपी के पद का मोह छोड़ा, ले लिया बड़ा फैसला

# आज बने भारत में करोड़ों की कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुणे के योगेश शिंदे की कहानी कॉर्पोरेट की चमक-धमक छोड़कर मिट्टी से जुड़ने की है। यूरोप में वह बार्कलेज बैंक में वाइस प्रेसिडेंट रह चुके हैं। हालांकि, अपने एक किसान दोस्त की आत्महत्या ने उन्हें बेचैन कर दिया। उन्होंने उसी पल तय किया कि वह किसानों के लिए कुछ सार्थक करेंगे। साल 2016 में पत्नी अश्विनी के साथ मिलकर उन्होंने बैम्बू इंडिया की नींव रखी। आज यह स्टार्टअप न सिर्फ करोड़ों का टर्नओवर (4.5 करोड़ रुपये) हासिल कर रहा है। बजाय इसके बांस को गरीब की लकड़ी से बुद्धिमान की लकड़ी में बदलकर पर्यावरण और किसानों की जिंदगी संवार रहा है। आइए, यहां योगेश शिंदे की सफलता के



सफर के बारे में जानते हैं।

**नौकरी छोड़ने का लिया बड़ा फैसला-** यूरोप में शानदार करियर और लाखों की सैलरी होने के बावजूद योगेश शिंदे का मन भारतीय किसानों की बदहाली देखकर दुखी था। जर्मनी में काम करते वक्त उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में भारतीय किसानों की छवि बहुत खराब दिखाई जा रही है। जब उनके एक किसान दोस्त ने आत्महत्या कर ली तो उन्होंने विदेश की नौकरी छोड़ भारत लौटने का साहसी फैसला लिया। उनका टारगेट सिर्फ पैसा कमाना नहीं, बल्कि किसानों को सम्मानजनक आजीविका देना था।

**2016 में रखी कंपनी की नींव-** साल 2016 में योगेश ने पत्नी अश्विनी के साथ स्वतंत्रता दिवस के दिन बैम्बू इंडिया की नींव रखी। मन में यह संकल्प लेकर कि देश को प्लास्टिक से आजादी दिलानी है। इसके विकल्प पेश करने हैं। उन्होंने टूथब्रश, ईयरबड्स और स्टेशनरी जैसे रोजमर्रा के सामानों को बांस से बनाना शुरू किया। शुरुआत कठिन थी। किसानों का भरोसा जीतना भी चुनौतीपूर्ण था। इसके लिए उन्होंने बिचौलियों को हटाकर किसानों को सीधे एडवांस भुगतान करना शुरू किया। इससे किसानों की आय करीब 275 प्रतिशत तक बढ़ गई।

### 48 देशों में मौजूदगी

कंपनी ने धीरे-धीरे बड़ी पहचान बनाई। शार्क टैंक इंडिया सीजन 1 में भी हिस्सा लिया। हालांकि, उन्होंने निवेशकों की शर्तों के बजाय अपने सामाजिक उद्देश्यों को प्राथमिकता दी। बूटस्ट्रैप्ड (बिना किसी फंडिंग के) रहने का फैसला किया। आज बैम्बू इंडिया के पास 1 लाख से ज्यादा ग्राहक और टाटा, गूगल, रिलायंस जैसे 500 से ज्यादा कॉर्पोरेट क्लाइंट्स हैं। उनके प्रोडक्ट अब दुनिया के 48 देशों में पहुंचकर भारतीय बांस का लोहा मनवा रहे हैं।

### प्लास्टिक कचरे को किया कम

योगेश का मानना है कि उनकी सफलता केवल 4.5 करोड़ रुपये के रेवेन्यू में नहीं, बल्कि पर्यावरण पर पड़े प्रभाव में है। अब तक उनकी कंपनी ने 65 लाख किलोग्राम से ज्यादा प्लास्टिक कचरे को कम करने में मदद की है। वह मानते हैं कि अगर भविष्य में कोई प्रतियोगी उनसे आगे निकलता है तो उन्हें खुशी होगी क्योंकि उनका शुरू किया हुआ प्लास्टिक मुक्त आंदोलन सफल हो जाएगा।

## केरल में अदाणी समूह का 30000 करोड़ का मेगा प्लान, विझिंजम बनेगा देश का सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट हब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने भारत के समुद्री व्यापार के नक्शे को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अदाणी ने शनिवार को घोषणा की कि विझिंजम बंदरगाह के विकास में कुल 30,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।




यह केरल राज्य के इतिहास में किसी भी बिजनेस घराने द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

**क्षमता में पांच गुना से ज्यादा बढ़ोतरी-** इस विशाल निवेश का ब्लूप्रिंट साझा करते हुए करण अदाणी ने बताया कि कंपनी दूसरे चरण के तहत 16,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी। इस निवेश का मुख्य उद्देश्य बंदरगाह की क्षमता को कई गुना बढ़ाना है। योजना के मुताबिक, साल 2029 तक विझिंजम पोर्ट की क्षमता 10 लाख कंटेनर यूनिट से बढ़कर 57 लाख हो जाएगी।

**तकनीकी रूप से होगा भारत का सबसे उन्नत बंदरगाह-** अदाणी समूह का लक्ष्य विझिंजम को भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा ट्रांसशिपमेंट पोर्ट बनाना है, जहां बड़े जहाज अपना माल उतार और चढ़ा सकें। करण अदाणी ने कहा कि यह भारत का सबसे तकनीकी रूप से उन्नत बंदरगाह होगा। उन्होंने इसे भविष्य के भारतीय बंदरगाहों के संचालन के लिए एक लाइटहाउस (मार्गदर्शक) करार दिया।

**अदाणी समूह ने परियोजना के बारे में क्या बताया-** करण अदाणी ने प्रोजेक्ट की सफलता का श्रेय केरल के पूर्व और वर्तमान नेतृत्व को दिया:

**फाउंडेशन:** उन्होंने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को याद करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट की नींव और शुरुआती गति उन्हीं के नेतृत्व में मिली थी।

**निष्पादन:** वर्तमान मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम का लगातार समर्थन एक निवेशक के लिए सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट केवल इंजीनियरिंग से नहीं, बल्कि राजनीतिक स्पष्टता और प्रशासनिक अनुशासन से सफल होते हैं, जो सीएम विजयन ने प्रदान किया है। 30,000 करोड़ रुपये का यह कमिटमेंट न केवल केरल की अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा, बल्कि यह विझिंजम को एक वैश्विक स्तर के समुद्री हब के रूप में स्थापित करेगा।

# एयर अरेबिया पर 250000 का जुर्माना

### वैलिड वीजा होने पर भी यात्रा से रोका था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली की उपभोक्ता अदालत ने एयर अरेबिया पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने एयरलाइन को प्रोफेशनल लापरवाही और सेवा में कमी का जिम्मेदार ठहराया। कोर्ट ने एयरलाइन को आदेश दिया कि वह यात्री और उसकी पत्नी की एयर टिकटों का पूरा पैसा वापस करे और मुआवजे के तौर पर ढाई लाख रुपये दे। एयरलाइन ने इस शख्स को और उसकी पत्नी को वैध वीजा होने के बावजूद नैरोबी की यात्रा करने से रोक दिया था।

केस के साथ सारे तथ्यों को देखने के बाद नई दिल्ली के डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन ने अपने फैसले में कहा कि ऐसा लगता है कि एयर अरेबिया ने जल्दबाजी में काम किया और वैलिड वीजा होने के बावजूद शिकायतकर्ताओं और उनके बेटे को यात्रा करने से रोक दिया। यह प्रोफेशनल लापरवाही और सर्विस में कमी का पक्का मामला है। कोर्ट ने कहा, एयर अरेबिया से शिकायतकर्ताओं को जरूरी सेवाएं देने की उम्मीद थी।

**आदेश में क्या कहा कोर्ट ने-** कमीशन अध्यक्ष पूनम चौधरी की अध्यक्षता वाले कोरम ने एयरलाइंस को निर्देश दिया कि वह शिकायतकर्ताओं और उनके बेटे द्वारा एयरलाइंस से खरीदे गए टिकटों की रकम वापस करे। प्रत्येक शिकायतकर्ता को मानसिक पीड़ा, अपमान और उत्पीड़न पहुंचाने के लिए मुआवजे के तौर पर 1,00,000-1,00,000 रुपये का भुगतान भी करे। मुकदमेबाजी के खर्च के तौर पर 50,000 रुपये का भुगतान किया जाए।

### एयर इंडिया पर भी लगा था जुर्माना

हाल ही में एयर इंडिया एयरलाइन पर भी डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगा था। दिल्ली की एक कंज्यूमर कोर्ट ने एयर इंडिया को एक इंटरनेशनल फ्लाइट में गंभीर सर्विस में कमी पाए जाने पर 1.50 लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया था।

यह मामला सितंबर 2023 में दिल्ली से न्यूयॉर्क और फिर दिल्ली की यात्रा से जुड़ा है। शैलेन्द्र भटनागर ने अपनी बेटी के साथ एयर इंडिया की दिल्ली-न्यूयॉर्क-दिल्ली इकोनॉमी क्लास की फ्लाइट में यात्रा करने के बाद यह शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने यह टिकट ऑनलाइन बुक किया था। उन्होंने बताया कि विमान की हालत भयानक और घिनौनी थी, जिससे यात्रा बहुत कष्टदायक हो गई। कोर्ट ने माना कि एयरलाइन ने यात्रियों को वे सुविधाएं नहीं दीं जिनके वे हकदार थे, जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए उनसे अच्छी-खासी रकम ली गई थी।

# 2 पर 1 शेयर फ्री देने का ऐलान, 116 प्रतिशत चढ़ गया है भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैप्स्टन सर्विसेज लिमिटेड ने 23 जनवरी 2026 को एक अहम कॉरपोरेट ऐलान किया है, जो कंपनी के भविष्य की ग्रोथ और शेयरधारकों के लिए काफी खास माना जा रहा है। हैदराबाद में हुई बोर्ड मीटिंग के बाद कंपनी ने दो बड़े फैसलों की जानकारी दी, जिनमें एक नई सब्सिडियरी कंपनी बनाना और बोनस शेयर जारी करना शामिल है। ये फैसले जरूरी रेगुलेटरी और कानूनी मंजूरी के अधीन होंगे। अब मंगलवार को कंपनी के शेयर फोकस में रह सकते हैं। बता दें कि बीते शुक्रवार को इस शेयर की कीमत 6 पर्सेंट तक चढ़कर 413 रुपये पर पहुंच गए थे।

कंपनी ने अपनी 100 प्रतिशत पुरे मालिकाना हक वाली के तौर पर कैप्स्टन होम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी है। इसके साथ ही कैप्स्टन अब पहली बार बी2सी यानी आम ग्राहकों के लिए होम सर्विसेज बिज़नेस में कदम रखने जा रही है। अब तक कैप्स्टन कॉरपोरेट और संस्थागत ग्राहकों को

KAPSTON
SERVICES LIMITED

सेवाएं देती थी, लेकिन इस नए कदम से कंपनी सीधे घरों और छोटे ऑफिसों तक अपनी सेवाएं पहुंचाएगी। बढ़ते शहरी भारत में प्रोफेशनल और भरोसेमंद होम सर्विसेज की मांग को देखते हुए यह फैसला रणनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

**बोनस शेयर डिटेल -** इसके अलावा, बोर्ड ने 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने को भी मंजूरी दे दी है। यानी शेयरधारकों को हर 2 मौजूदा शेयर पर 1 नया बोनस शेयर मिलेगा। बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट बाद में घोषित की जाएगी और इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी पोस्टल बैलट के जरिए ली जाएगी।

साल 2009 में शुरू हुई कैप्स्टन सर्विसेज आईएसओ सर्टिफाइड मैनपावर और फैसिलिटी मैनेजमेंट कंपनी है। खास बात यह है कि कंपनी का शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर से अब तक करीब 116 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दे चुका है, जिससे निवेशकों में इसे लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

**कंपनी का कारोबार-** कैप्स्टन होम सर्विसेज एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कई तरह की सेवाएं उपलब्ध कराएगी, जिनमें क्लीनिंग, ब्यूटी और स्पा, इलेक्ट्रिकल-प्लंबिंग-कारपेंट्री, एसी रिपेयर, पेंटिंग और अन्य घरेलू सेवाएं शामिल होंगी। कंपनी का फोकस सर्विस की गुणवत्ता, सुरक्षा, पारदर्शिता और समय पर काम पूरा करने पर रहेगा। सभी सेवाएं कैपस्टन द्वारा प्रशिक्षित और बैकग्राउंड वेरिफाइड प्रोफेशनल्स के जरिए दी जाएंगी, जिससे ग्राहकों को वही भरोसा और मानक मिलेंगे, जो कंपनी की क्ब्2क्ब सेवाओं की पहचान रहे हैं।

# मुनाफे में इजाफा, एनपीए में सुधार... अब इस दिग्गज बैंक के शेयर पर रखें नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही के दौरान बैंक के मुनाफे में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में अब बैंक के शेयर पर निवशकों की नजर रहेगी। बता दें कि सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को शेयर बाजार खुलेगा क्योंकि सोमवार को गणतंत्र दिवस की वजह से ट्रेडिंग नहीं होगी।




दिसंबर तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट चार प्रतिशत बढ़कर 3,446 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,305 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 16,741 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 16,050 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी पिछले साल के 13,428 करोड़ रुपये से बढ़कर 13,903 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

**ब्याज आय और एनपीए के आंकड़े-** बैंक की शुद्ध ब्याज आय तिमाही में बढ़कर 7565 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 7196 करोड़ रुपये थी। हालांकि, बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के 4.93 प्रतिशत से गिरकर 4.54 प्रतिशत रह गया। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक के ग्रॉस एनपीए अनुपात में सुधार हुआ और यह 31 दिसंबर 2025 तक घटकर 1.30 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले 1.50 प्रतिशत था। इसी तरह नेट एनपीए भी 0.41 प्रतिशत से घटकर 0.31 प्रतिशत पर आ गया। दिसंबर तिमाही में बैंक का संभावित ऋृण नुकसान के लिए प्रावधान बढ़कर 810 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 794 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात मामूली रूप से घटकर 22.63 प्रतिशत रह गया, जो दिसंबर 2024 के अंत में 22.79 प्रतिशत था। 31 दिसंबर 2025 तक बैंक के प्रबंधन के तहत कुल ग्राहक परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर 7,87,950 करोड़ रुपये हो गईं, जो एक साल पहले 6,85,134 करोड़ रुपये थीं। बैंक के अनुसार 31 दिसंबर, 2025 तक कुल संपत्ति 1,75,251 करोड़ रुपये थी।

**कोटक बैंक के शेयर का हाल-** बैंक के शेयर की बात करें तो गिरावट के साथ शुक्रवार को 422.20 रुपये पर बंद हुआ। अप्रैल 2025 में शेयर 460.31 रुपये तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। जनवरी 2025 में शेयर 372.30 रुपये पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है।

## 42 रुपये के खर्च पर बड़ा सहारा देती है यह स्कीम, अब मोदी सरकार ने दी खुशखबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार की चर्चित अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में निवेश की योजना बना रहे हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, बीते दिनों इस योजना को सरकार ने वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। योजना के तहत मामूली निवेश कर आप 5000 रुपये तक पेंशन का इंतजाम कर सकते हैं। आइए योजना के बारे में विस्तार में। यह योजना 18 से 40 वर्ष की आयु के भारतीय नागरिकों के लिए है। योजना के अंतर्गत लाभार्थी 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर 1,000, 2,000, 3,000, 4,000 या 5,000 तक की गारंटीड मासिक पेंशन प्राप्त करता है। यह रकम चुनी गई पेंशन राशि और जमा अंशदान पर निर्भर करती है। अंशदान राशि मासिक, तिमाही या छमाही आधार पर खाते से ऑटो-डेबिट के माध्यम से जमा की जाती है। योजना के तहत लाभार्थी को कम से कम 42 रुपये मासिक निवेश करना होगा। हालांकि, शर्त ये है कि निवेशक की उम्र 18 साल हो। 18 साल की उम्र में 42 रुपये की मासिक निवेश से शुरुआत करने पर 1000 रुपये प्रति माह का पेंशन मिलेगा।

# 2 दिन में 100 प्रतिशत भरा आईपीओ

### ग्रे मार्केट ने बढ़ाई टेंशन, दांव लगाने का एक और मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शायोना इंजीनियरिंग आईपीओ को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी का आईपीओ को पहले दो दिन में ही पूरा भर गया है। इस एसएमई आईपीओ को पहले दिन 1.36 गुना सब्सक्राइब किया गया है। वहीं, रिटेल कैटगरी में आईपीओ में 1.18 गुना सब्सक्राइब किया गया। क्यूआईबी कैटगरी में भी यह 3.33 गुना सब्सक्राइब किया गया है। वहीं, एनआईआई में यह आईपीओ 1.67 गुना सब्सक्राइब किया गया है।

शायोना इंजीनियरिंग आईपीओ का प्राइस बैंड 140 रुपये से 144 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 2000 शेयरों पर दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 288000 रुपये का इंवेस्टमेंट करना होगा। बता दें, यह आईपीओ 22 जनवरी को खुला था। निवेशकों के पास 27 जनवरी तक दांव लगाने का मौका मिलेगा। कंपनी की लिस्टिंग बीएसई एसएमई में होगी।

इस एसएमई आईपीओ का साइज 14.86 करोड़ रुपये का है। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। कंपनी आईपीओ के जरिए 10 लाख नए शेयर जारी करेगी। बता दें, आईपीओ के जरिए मौजूदा निवेशक एक भी शेयर नहीं बेच रहे हैं।




### ग्रे मार्केट में स्थिति खराब

इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ जीरो रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। आईपीओ के जीएमपी में शुरू से ही हलचल देखने को नहीं मिल रहा है।

इस कंपनी की स्थापना 2017 में हुई थी। कंपनी ने होरिजोन मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया है। वहीं, केफिन टेक्नोलॉजी लिमिटेड का रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। आईपीओ के पैसे के जरिए कंपनी मौजूदा लोन का भुगतान करेगी। इस समय में कंपनी के ऊपर 2.17 करोड़ रुपये का कर्ज है। वहीं, वर्किंग कैपिटल के लिए 4 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

## युवा उद्यमी के अपहरण मामले में

# पुलिस की साख दांव पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिले जमशेदपुर के चर्चित युवा उद्यमी कैरव गांधी के अपहरण को 14 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस को अब भी ठोस सुराग नहीं मिला है। इस हाई-प्रोफाइल मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा स्वयं जमशेदपुर पहुंचीं। उन्होंने अपहृत उद्यमी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और मामले की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

जमशेदपुर के एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि डीजीपी ने अपहरण समेत अन्य आपराधिक मामलों को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। एसएसपी के अनुसार, पुलिस की विभिन्न टीमें उद्यमी की बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं और जल्द ही उन्हें सकुशल वापस लाने का दावा किया गया है।

मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस टीम के एक अधिकारी ने संकेत दिया कि जांच में कुछ व्यावहारिक मुश्किलें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि उद्यमी के परिजन मामले में पूरी तरह खुलकर जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं और अत्यधिक गोपनीयता बरत रहे हैं।

- गत 13 जनवरी को हुआ था अपहरण
- अब तक नहीं मिल सका है कोई सुराग
- परिजन चिंतित, उद्योग जगत में रोष

इसके बावजूद, पुलिस पीछे नहीं हट रही है। तकनीकी सेल और सर्विलांस के माध्यम से मिल रही सूचनाओं के आधार पर पुलिस लगातार संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि कैरव गांधी का अपहरण फिरौती की मांग के उद्देश्य से ही किया गया है। ज्ञात हो कि 13 जनवरी 2026 को युवा उद्यमी का अपहरण कर लिया गया था।

दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी किसी ठोस नतीजे पर न पहुंच पाना शहर के व्यापारिक वर्ग में चिंता का विषय बना हुआ है। फिलहाल, पुलिस की कई टीमें तकनीकी साक्ष्यों को खंगाल रही हैं ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके।

## डबल मर्डर से सनसनी

**सासाराम।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डुमरीया गांव में दो युवकों की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान अमझोर थाना क्षेत्र के उचैला गांव निवासी जलेश्वर सिंह के पुत्र रूपेश कुमार उर्फ मंटू (35 वर्ष) और तिलौथू गांव निवासी विनय कुमार प्रजापति के रूप में की है।

विनय प्रजापति पूर्व में पंचायत समिति सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में दवा की दुकान चलाते हैं। दोनों मिलकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे।

स्वजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में गांव के ही एक दबंग ने दोनों को घर बुलाया। दोनों के स्कॉर्पियो से पहुंचने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक रूपेश के भाई चिंटू कुमार ने पप्पू सिंह नामक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जांच के लिए संबंधित थाना को भेजा गया है।

# हथियार तथा बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

## आपराधिक घटना को अंजाम देने की बना रहे थे योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए अपराधियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित हंटरगंज थाना क्षेत्र के खुटीकेवाल खुर्द के पास से तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक कट्टा, दो गोली, एक चोरी की बिना नंबर की बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गणतंत्र दिवस से पहले इलाके में दहशत फैलाने की नीयत से ये लोग सक्रिय थे।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान हंटरगंज थाना क्षेत्र के उरैली गांव निवासी सोनू पासवान, खुटीकेवाल खुर्द गांव निवासी बादल कुमार गुप्ता और बिहार के गया जिला अंतर्गत बोधगया थाना क्षेत्र के लिचारी गांव निवासी मिथुन कुमार के रूप में हुई है।

एसडीपीओ संदीप सुमन ने अनुमंडल कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को सूचना मिली थी कि एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ इलाके में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल छापामारी टीम का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों को दबोच लिया गया।

तलाशी के दौरान मिथुन कुमार के पास से एक कट्टा, एक गोली और मोबाइल फोन मिला, जबकि सोनू पासवान के पास से एक गोली और मोबाइल फोन बरामद हुआ। बाइक के कागजात मांगने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र से बाइक की चोरी की थी।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तीनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। मिथुन कुमार पहले नक्सली गतिविधियों में संलिप्त रहने के मामले में जेल जा चुका है, जबकि सोनू पासवान लूट और बादल कुमार गुप्ता डकैती के मामलों में जेल जा चुके हैं। फिलहाल तीनों जमानत पर बाहर आकर फिर से बड़ी घटना की योजना बना रहे थे।

हंटरगंज थाना में मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया गया है। छापामारी टीम में थाना प्रभारी प्रभात कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, भोला साह सहित अन्य जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी संदिग्ध स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान झड़प

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के उडूमुडु गांव में हिंसक झड़प में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हुई। जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई है।

खुद एसपी सादिक अनवर रिजवी सहित पुलिस के वरीय पदाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। सरस्वती पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन के पूर्व गांव में प्रतिमा घुमाने के दौरान उत्पन्न विवाद के बाद दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई।

इसमें दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। घायलों को कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना की शुरूआत शनिवार शाम गांव में मां सरस्वती की प्रतिमा गाड़ी में रखकर घूमाने के दौरान हुई। गाड़ी एक-दूसरे समुदाय के व्यक्ति के घर से हल्के से लग गई।

इस पर लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर दी। मामला को वहीं पर शांत कर दिया गया, परंतु सुबह होते ही इस मामले ने हिंसक रूप ले लिया। समुदाय विशेष के लोगों ने दूसरे समुदाय के लोगों के घरों पर हमला कर दिया। जिसके बाद जमकर मारपीट और तोड़फोड़ मचाई।

घटना की जानकारी मिलने पर लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी अन्य वरीय अधिकारियों और दलबल के साथ मौके पर पहुंच चुके हैं।

# पुलिस ने किया गेमिंग एप का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## गिरोह के दुबई से तार जुड़े होने के संकेत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** शहर के बरमसिया मोहल्ले में एक मकान पर किराए पर रहकर साइबर ठगी का धंधा संचालित करने के आरोप में चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था।

इन आरोपितों से पूछताछ के क्रम में पता चला कि ये लोग विभिन्न विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन गेमिंग एप की मदद से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। ये लोग ठगी के लिए महादेव एप, डायमंड एक्सचेंज, हिटमैन बुक, लोटस बुक गेमिंग एप की मदद से तीनपत्ती, अंदर बाहर, रम्मी सर्किल, जेटेक्स, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, हार्स रेसिंग, पालेटिक्स, कब्ड्डी, इंटरनेशनल कैसिनो, वॉलीबॉल आदि गेम में लोगों का पैसा लगवा कर ठगी करते हैं।

इन लोगों ने मुंबई में बैठे विक्की कुमार नामक युवक का नाम बताया था। उनके मुताबिक उसे इशारे पर ये लोग ये धंधा संचालित करते थे। लेकिन जानकार सूत्र बताते हैं कि असल में इस अवैध धंधे के तार देश की सीमा के पार दुबई से जुड़े हुए हैं। वहां से भारत में गेमिंग एप के जरिए अवैध रूप से सट्टेबाजी का धंधा संचालित किया जाता है। क्योंकि दुबई में सट्टेबाजी पर रोक नहीं है। सरगना वहां से ही इस धंधे को यहां कंट्रोल करता है। पैसे पर पढ़े लिखे बेरोजगार युवकों को महीने के तनख्वाह व कमीशन देकर स्टाफ के तौर पर रखा जाता है।

उन्हें पहले इस खेल के बारे में जानकारी दी जाती है।

यूजर आईडी व पासवर्ड दिया जाता है। इन्हें ठगी का पैसा मंगाने के लिए बैंक का खाता उपलब्ध कराया जाता है। इतना ही नहीं इस युवाओं को किराए पर कमरा, मोबाइल, लैपटॉप भी उपलब्ध कराया जाता है।

ये साइबर ठग लोगों से सट्टे में पैसा लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। पैसा लेकर गेम खेलने के लिए उनके वॉलेट को रिचार्ज किया जाता है। इस अवैध खेल की कमाई में से बड़ा हिस्सा दुबई तक पहुंचता है।

ये भी जानकारी मिली है कि इसके लिए पैसा के लेनदेन के लिए जनधन खाता का इस्तेमाल किया जाता है। इस काम के लिए एक अलग नेटवर्क काम करता है। ये लोग गरीब लोगों से उनका जनधन का खाता एक तरह से खरीद लेते हैं या फिर उसे किराए पर ले लेते हैं।

पैसा देकर वे उन लोगों का बैंक खाता व डेबिट कार्ड अपने पास रख लेते हैं। कुछ पैसा के लालच में भोले-भाले गरीब अपना बैंक खाता इन लोगों को दे देते हैं। ऐसे में पुलिस के लिए इन खाता धाराओं का पता लगाना आसान नहीं होता। उस खाता का इस्तेमाल ठगी के पैसा के लेनदेन के लिए किया जाता है।

बैंक खाता इकट्ठा करने वाला गिरोह बंगाल के ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में काफी सक्रिय है। इन एजेंटों को खाता का जुगाड़ करने के लिए कमीशन के तौर पर पैसा दिया जाता है।

## जनधन के खाता का होता था इस्तेमाल

बांका जिला के कई इलाके के बड़ी संख्या युवा इस धंधे में शामिल हैं। बताया जाता है कि यहां के सुईया व कटोरिया थाना क्षेत्र के करीब 500 युवक साइबर ठगी के धंधे में लिप्त है। सुईया थाना क्षेत्र के भेलवा, बोडा, धनुबसार, अबरक्खा, कटोरिया, थाना क्षेत्र बड़वासनी, तेलंगवा, बाघमारी, जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हाबाद, जमदाहा आदि इलाके के युवा इस अवैध खेल में शामिल हैं। इनमें से अधिकांश युवा गेमिंग एप के अवैध धंधे से जुड़े हुए हैं।

इनमें से कुछ युवकों ने तो दुबई तक की सैर कर ली है। अवैध कमाई की मदद से यहां से पढ़े लिखे बेरोजगार बीपीएल परिवार के युवकों ने पक्का का मकान, दो पहिया व चार पहिया वाहन तक खरीद लिया है। इन युवाओं को इस धंधे में शामिल करने के लिए पहले क्रिकेट के खेल का भी इस्तेमाल किया गया।

शुरू में इस धंधे से जुड़े कुछ युवाओं ने पैसा कमाया और उस अवैध कमाई से इलाके में कई जगह क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया। पैसा की चमक-धमक के चक्कर में धीरे-धीरे यहां के पढ़े लिखे बेरोजगार युवा आ गए और इस अवैध धंधे में फंस गए।

आज इलाके के सैकड़ों युवा इस अवैध धंधे में शामिल हैं। ये लोग झारखंड के देवघर, धनबाद, रांची आदि इलाके में किराए पर मकान, अपार्टमेंट में रहकर ये अवैध धंधा संचालित करते हैं।

पहले भी देवघर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एक अपार्टमेंट से कटोरिया के पांच युवकों को पुलिस द्वारा पकड़ा गया था। ये लोग यहां रहकर गेमिंग एप के जरिए सट्टेबाजी के तहत ठगी का धंधा संचालित करते थे। इनकी गिरफ्तारी के बाद धनबाद से भी कटोरिया इलाके ही ही दो युवक पकड़े गए थे।

## लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** सहरसा नगर निगम क्षेत्र स्थित पासवान टोला में कथित तौर पर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोपों ने रविवार को तूल पकड़ लिया। बजरंग दल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छापामारी की और तीन लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान दो महिलाएं मौके से फरार हो गईं। बजरंग दल को सूचना मिली थी कि कुछ बाहरी लोग खुद को धार्मिक उपदेशक बताकर इलाके के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आरोप है कि इन लोगों द्वारा स्थानीय निवासियों को आर्थिक और अन्य सुविधाओं का लालच दिया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष पिंपल सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख मानस मिश्रा और अनंत झा रोशन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# विवाहेत्तर संबंध का विरोध करने पर पत्नी की गोली मारकर हत्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में एक महिला की कथित तौर पर उसके पति ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना डोरंडा थाना क्षेत्र के मणिटोला इलाके में हुई। मृतका की पहचान 40 वर्षीय तरन्नुम के रूप में की गई है।

डोरंडा थाना की प्रभारी दीपिका प्रसाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि महिला के पति का कथित तौर पर किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध था। इसी मुद्दे को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जो बाद में हिंसक हो गया।

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

पुलिस के अनुसार, कहासुनी के दौरान पति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी पति घटना के बाद से फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

डोरंडा थाना पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को स्पष्ट किया जाएगा।

# क्विज में सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड के तीनि लोदीपुर गांव में सरस्वती पूजा के अवसर पर आदर्श सूर्या क्लब के तत्वावधान में ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में गांव के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में तीन ग्रुप बनाया गया था। ग्रुप ए में प्रथम स्थान पर हर्ष राज,द्वितीय स्थान पर अंकित कुमार एवं तृतीय स्थान पर गणेश कुमार रहा।

वहीं ग्रुप बी में प्रथम स्थान पर स्नेहा कुमारी,द्वितीय स्थान पर तृप्ति कुमारी, तृतीय स्थान पर अनुष्का कुमारी रही। ग्रुप सी में प्रथम स्थान पर साक्षी कुमारी,द्वितीय स्थान पर आयुष राज एवं तृतीय स्थान निरंजन कुमार रहा। सभी सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।वहीं असफल प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि क्विज के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्द्धा की भावना तैयार होती है।

बेहतर करने की ललक पैदा होती है, निरंतर भागीदारी से उनमें निखार भी आता है,उन्होंने ऐसे कार्यक्रम का आयोजन हमेशा जारी रखने के लिए समिति का धन्यवाद किया। इस मौके पर अभय नंदन पांडेय,पिंटू कुमार,मनिंद्र कुमार क्लब के कोषाध्यक्ष सूरज कुमार, सदस्य अभय कुमार, अमन कुमार, अमरजीत कुमार, राजकुमार, मौसम कुमार, विक्की कुमार अंकित कुमार आदि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में गांव के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# दोस्त का अपहरण कर मांगी फिरौती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जिले के हाजीपुर में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक के अपहरण और फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि फ्लिपकार्ट में नौकरी लगवाने का भरोसा देकर पटना से एक युवक को बुलाया गया और उसे तीन दिनों तक घर में बंधक बनाकर रखा गया।

पीड़ित युवक राहुल कुमार, जो पटना जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है, ने बताया कि उसे बुलाने के बाद आरोपियों ने पहले उससे 25 हजार रुपये और मोबाइल फोन ले लिया। इसके बाद उसे नगर थाना क्षेत्र के तंगौल मोहल्ला स्थित एक मकान में ले जाकर बंधक बना लिया गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई और पांच लाख रुपये की मांग की गई।

राहुल के अनुसार, उसकी दोस्ती नितेश और हैप्पी से नालंदा जिले के हिलसा स्थित एक कंपनी में काम करने के दौरान हुई थी। कुछ महीने पहले तीनों ने कंपनी छोड़ दी थी। 23 जनवरी को दोनों आरोपियों ने राहुल को फोन कर फ्लिपकार्ट में नौकरी लगने की बात कही और 25 हजार रुपये की मांग की, जिसके बाद राहुल सोनपुर स्थित एक होटल पहुंचा।

आरोप है कि दो दिनों तक राहुल को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की गई। शनिवार की दोपहर वह किसी तरह बदमाशों के चंगुल से निकलकर नगर थाना पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने घायल युवक को सदर अस्पताल भेजकर उसका इलाज कराया।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस ने तंगौल मोहल्ला स्थित मकान पर छापामारी की, लेकिन दोनों आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। राहुल कुमार की शिकायत पर सोनपुर थाना क्षेत्र निवासी दोनों युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

नगर थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि नौकरी के नाम पर युवक को बुलाकर बंधक बनाया गया और उससे मारपीट कर पांच लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# कोयला चोर और कर्मियों में भिड़ंत

## चोरों ने कर्मियों को लाठी-डंडे से धुना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनसार (धनबाद)।** झरिया कोयलांचल में इन दिनों अराजकता का माहौल बना हुआ है। कोयला खदानों पर वर्चस्व कायम करने को लेकर कहीं आउटसोर्सिंग कंपनी के लठैत बीसीसीएल अधिकारियों की पिटाई कर रहे हैं तो कहीं चोर-बदमाश खुलेआम लोगों को पीटकर लहूलुहान कर दे रहे हैं।

दूसरी ओर, जिस पुलिस पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है, उसकी हनक कहीं नजर नहीं आ रही है। धनबाद पुलिस और बीसीसीएल की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ मूकदर्शक बनी हुई है।

एनटीएसटी कोयला परियोजना में आउटसोर्सिंग कंपनी के लठैतों द्वारा बीसीसीएल अधिकारियों की पिटाई का मामला अभी शांत भी नहीं पड़ा था कि विश्वकर्मा परियोजना में एक और हैरान करने वाली घटना सामने आ गई। यहां कोयला चोरों और कर्मियों के बीच भिड़ंत हो गई।

कोयला चोरों की भीड़ ने कर्मी दीपक यादव और देवेंद्र यादव की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी, जिससे वे घायल हो गए।

इस दौरान अन्य कर्मियों के बीच भगदड़ मच गई। घायल दोनों का इलाज सेंट्रल अस्पताल में कराया गया।

इस घटना से आक्रोशित कर्मियों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मियों और यूनियन नेताओं ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। सभी मजदूर सुरक्षा की मांग कर रहे थे।

सूचना पाकर सीआईएसएफ और धनसार पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। कर्मियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और संजय यादव व अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि विश्वकर्मा परियोजना क्षेत्र में कुछ महिलाएं और बच्चे कोयला चोरी करते हैं।

इसी बात को लेकर बीसीसीएल कर्मी दीपक और गोपाल के साथ विवाद हुआ था।

इसके बाद करीब दो दर्जन की संख्या में कोयला चोर गोपाल और दीपक को खोजते हुए विश्वकर्मा परियोजना के हाजिरी घर पर हमला कर बैठे। वहां मौजूद कई कर्मियों के साथ मारपीट की गई, जिससे भगदड़ मच गई। कुछ कर्मी हाजिरी घर में घुसकर दरवाजा बंद कर लिए, लेकिन कोयला चोर कर्कट तोड़कर अंदर घुस गए और दीपक व देवेंद्र की पिटाई कर उनका सिर फोड़ दिया।

बाद में अन्य कर्मियों ने दोनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए सेंट्रल अस्पताल धनबाद पहुंचाया। घटना के बाद यूनियन नेताओं में भारी आक्रोश है।

उनका कहना है कि आए दिन मजदूरों के साथ मारपीट की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रबंधन उनकी सुरक्षा के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते, तब तक विश्वकर्मा परियोजना का काम बंद रहेगा।

सुरक्षा की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन में यूनियन नेता नंदलाल महतो, छोटू राम, उमाशंकर, विनय, सच्चिदानंद, बलवंत, गौरी सहित कई अन्य शामिल थे। संजय यादव की तलाश में धनसार पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है। उधर, विक्ट्री कोलियरी की पूनम नामक महिला ने गोपाल राय, दीपक यादव और देवेंद्र के खिलाफ झरिया थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए छेड़खानी का आरोप लगाया है।

# डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की धुनाई

## थाने में प्राथमिकी दर्ज, पुलिस कर रही छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवा ।** थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत के केकराही गांव में शनिवार की मध्यरात्रि के करीब डीजे नहीं बजाने को लेकर हुए विवाद में शराब में धुत तीन युवकों ने एक युवक की धुनाई कर दी। इस संबंध में पिटाई से घायल युवक सुनील ठाकुर (पिता स्व. भोला ठाकुर) ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के बाद उसने डीजे बंद कर दिया।

डीजे बंद करने के बाद प्रदीप मुंडा समेत अन्य दो युवक पहुंचे और डीजे बजाने को कहा। मना करने और बढ़े विवाद के बीच जमकर मारपीट की। इस मारपीट में युवक के सिर एवं शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई।

पिटाई से गंभीर होने के बाद भी सुनील ठाकुर जान बचाकर किसी प्रकार वहां से भागा और अपनी जान बचाई। रात भर सुनसान इलाके में बेहोशी की हालत में पड़ा रहा।

रविवार की सुबह जब ग्रामीणों की नजर बेहोशी की हालत में पड़े सुनील पर पड़ी तो आनन फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

यहां सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी व स्वास्थ्यकर्मियों के देखरेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल सुनील की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

मामले में पीड़ित ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिए जाने की बात भी कही है। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं का ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पुलिस ने 200 लोगों का चोरी एवं गुम हुआ मोबाइल किया वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार पुलिस मुख्यालय बिहार पटना के आदेश के आलोक में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने 200 लोगों की गुम या चोरी हुई मोबाइल को बरामद कर वापस किया। कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई गई है।

वैशाली की पुलिस टीम ने लोगों के उदास चेहरों पर मुस्कान फैलाने का काम किया है। जिले में बड़ी संख्या में वैसे लोग जो अपने मोबाइल खो जाने को लेकर काफी दुखी थे और वापस मिलने की उम्मीद खो चुके थे, वैसे लोगों को मोबाइल वापस कर चेहरों पर मुस्कान लौटाने का काम किया है। वैशाली के एसपी विक्रम सिहाग ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत रविवार को आयोजित समारोह में जिले के 200 लोगों का मोबाइल वापस किया। वापस किए गए मोबाइल की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

## पांच थानों की टेक टीमों को किया गया पुरस्कृत

वैशाली पुलिस मुख्यालय स्थित एसपी के कार्यालय सभागार में रविवार को समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पिछले कई में गुम हुए या चोरी हुई मोबाइल मिलते ही लोगों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने एसपी को धन्यवाद किया।

कहा कि आज जिला प्रशासन के सक्रियता के कारण हम लोग का मोबाइल मिला है। आपरेशन मुस्कान के तहत जिले के 200 लोगों का मोबाइल लौटाया गया। एसपी ने बताया कि आम जनों की मोबाइल चोरी या गुम हो जाने के बाद थाना में सनसा प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस अधीक्षक के साथ जिला आसूचना इकाई के साथ जिला के सभी थानों में टेक टीम का गठन किया गया है। टीम के द्वारा सीआईआर पोर्टल से लगातार मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक धारकों, मलिक को सुपुर्द किया गया। हालांकि मोबाइल कैसे और कहा से बरामद किया गया इस पर एसपी ने कहा कि यह अनुसंधान का विषय है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआईयू प्रभारी राजेश शरण,ओपी राय, हर्षवर्धन राज सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसपी ने वैशाली जिला वासियों से अपील किया कि अगर किसी का मोबाइल चोरी या गुम हो जाता है तो तुरंत नजदीकी थाना में इसकी शिकायत करें। इसके लिए सभी थाना में एक टीम बनाया गया है।

सीईआईआर पोर्टल बनाया गया है, उसे पोर्टल पर उसको अपलोड किया जाता है। जिससे मोबाइल तुरंत ब्लॉक हो जाता है। उसमें जो सिम है उसके माध्यम से आगे जो फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन होने की चांस रहता है वह भी रुक जाता है।

मोबाइल चोरी के बाद दुरुपयोग का जो चांस रहता है वह भी नहीं रहता है। मोबाइल बाद में एक्टिवेट होगा तो हम लोगों को नोटिफिकेशन आ जाता है। उसे हम लोग रिकवर करवा देते हैं।

एसपी ने बताया कि जिला आसूचना इकाई की टीम मोबाइल रिकवर करने में अच्छा परफॉर्मेंस किया है। जिले के पांच थाना का काफी अच्छा परफॉर्मेंस रहा है।

उन्होंने बताया कि महुआ थाना टेक टीम को विवेक कुमार देख रहे हैं, वहां से 30 मोबाइल, बिदुपुर थाना रचना तिवारी 33 मोबाइल, तिसिऔता एसआई मनोज कुमार 17 मोबाइल, भगवानपुर थाना एसआई अवधेश कुमार 15 मोबाइल ,राजापाकर थाना सी संदीप कुमार 14 मोबाइल रिकवर किया गया है। एसपी ने बताया कि उक्त पांच थाना के टेक टीम के द्वारा लगातार करी मेहनत कर मोबाइल बरामद किया गया।

# भूटान के गृह मंत्री ने चखा खाजा का स्वाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिलाव।** नालंदा जिले के सिलाव में शनिवार को उस समय खास माहौल देखने को मिला, जब भूटान के गृह मंत्री ल्योनपो शेरिंग यहां पहुंचे और विश्व प्रसिद्ध सिलाव के खाजा का स्वाद लिया।

गृह मंत्री बोधगया में आयोजित तीन दिवसीय बौद्ध महोत्सव में भाग लेकर लौट रहे थे। इसी क्रम में सिलाव पहुंचते ही उन्होंने यहां के पारंपरिक व्यंजन खाजा को चखने की इच्छा जताई।

इसके बाद उन्हें सिलाव स्थित प्रसिद्ध श्री काली साह खाजा मॉल ले जाया गया, जहां दुकानदार संजीव कुमार ने उनका पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया।

इस दौरान उन्हें चॉकलेट, मैंगो, गुड़ एवं चीनी से बने विभिन्न प्रकार के खाजा परोसे गए। खाजा का स्वाद लेने के बाद भूटान के गृह मंत्री ल्योनपो शेरिंग ने इसकी जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि हमारे आराध्य भगवान बुद्ध ने भी सैकड़ों वर्ष पूर्व इसी स्थल पर इस व्यंजन का स्वाद लिया था। भारत का यह पारंपरिक व्यंजन वास्तव में अद्भुत और लाजवाब है।

उन्होंने खाजा के कुरकुरेपन, परत-दर-परत लेयर और इसकी खास बनावट की विशेष रूप से तारीफ की। गृहमंत्री ने न सिर्फ खाजा की सराहना की, बल्कि इसे अपने साथ ले भी गए।

साथ ही भविष्य में ऑनलाइन मंगाने के लिए दुकानदार से संपर्क नंबर भी लिया। जाते-जाते उन्होंने कहा– 'खाजा इज वेरी टेस्टी।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविस कुलवन्त किडो
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ललित रंजन भगत
थाना प्रभारी
महुदा
(धनबाद)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र दुबे
अंचलाधिकारी
गोविंदपुर (धनबाद)

punjab national bank ...the name you can BANK upon! पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
राजेश श्रीवास्तव
मंडल प्रमुख
पंजाब नेशनल बैंक
मंडल कार्यालय
बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय, जिला परिषद्, बोकारो
(शुभकामना संदेश)
26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) 2026 के शुभ अवसर पर अध्यक्ष/उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं जिला परिषद्, बोकारो परिवार की ओर से राज्य एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शताब्दी मजूमदार
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद्, बोकारो
सुनीता देवी
अध्यक्ष
जिला परिषद्, बोकारो

HAPPY REPUBLIC DAY
ROBART SIR
AGNES TODDLER SCHOOL
PUTKI (DHANBAD)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. चमन कुमार
प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी
चैनपुर (पलामू)

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजकिशोरी खलको
बाल विकास परियोजना पदाधिकारी
चंद्रपुरा (बोकारो)

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रितुरंजन कुमार
अवर निबंधक
बेरमो, तेनुघाट, बोकारो

ASHA HOSPITAL
SAHEBGANJ ROAD, KUSMATAND, GOVINDPUR (DHANBAD)
Mob. -9113408567, 8409438148
ALL MEDICAL FACILITIES AVAILABE HERE
KAJAL MANDAL

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप कुमार
जिला शिक्षा पदाधिकारी
पलामू, मेदिनीनगर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र कुमार यादव
जिला परिवहन पदाधिकारी
पलामू, मेदिनीनगर

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमंडल (बोकारो)
अमित सिंह
कार्यपालक अभियंता

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शशि भूषण खलको
पणन सचिव
कृषि उत्पादन, बाजार समिति, चास (बोकारो)

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जगन्नाथ लोहरा
जिला शिक्षा पदाधिकारी
बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती नीता चौहान
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू, मेदिनीनगर

DAFFODILS BACHPAN & ACADEMY
स्व0 चंडी चरण बनर्जी संस्थापक
TAPAS BANERJEE (PRINCIPAL)
ADMISSION IS GOING ON
NUR TO STD - IX (C.B.S.E)
-: हमारी कुशल व्यवस्थाएँ :-
(क) आधुनिक शिक्षण पद्धति।
(ख) अनुभवी, प्रशिक्षित और समर्पित शिक्षकों की टीम
(ग) सुरक्षित यातायात /गाडियों की व्यस्था।
(घ) कम्प्यूटर एवं विज्ञान की आधुनिक लैब।
(ङ) बच्चों के लिए खेल मैदान एवं स्नेही शिक्षिकाओं की टीम।
(च) CCTV की निगरानी /देखरेख में कक्षा संचालित।
N.B:- For the first 100 admissions 50% discount of the total Admission fees.

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
बोकारो
राजू मरांडी
कार्यपालक अभियंता,

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजकिशोरी खलको
बाल परियोजना विकास पदाधिकारी
नावाडीह (बोकारो)

गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
नीलम सरोज एक्का
जिला मत्स्य पदाधिकारी
बोकारो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक चौधरी
थाना प्रभारी
तेतुलमारी (धनबाद)

एनटीपीसी NTPC | पीवीयूएन PVUN
पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
की ओर से
समस्त झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं।

एनटीपीसी NTPC | नॉर्थ करणपुरा NORTH KARANPURA
गणतंत्र दिवस 26 JANUARY
एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा
की ओर से 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
संविधान के मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में सतत योगदान
- 6 परियोजना प्रभावित गांवों के युवाओं हेतु ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन
- टंडवा में पेयजल पाइपलाइन व्यवस्था का उन्नयन (PHED के सहयोग से)
- चतरा जिले में 290 सोलर हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना
- 6 प्रभावित गांवों में 300 सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना
- शीतकाल में जरूरतमंदों को 8,000 मिंक कंबलों का वितरण
- महिलाओं/SHG सदस्यों को 100+ सिलाई मशीनों का वितरण
- फाइलेरिया उन्मूलन हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग को सहयोग

एनटीपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)
एनटीपीसी नार्थ करणपुरा, जिला - टंडवा, चतरा - 825321 (झारखंड)
Follow us on: /ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदना सिन्हा
पार्षद प्रत्याशी
वार्ड नंबर 4
कतरास,धनबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. जाहिर आलम
प्रखंड विकास पदाधिकारी
गोबिंदपुर
धनबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप पाल
थाना प्रभारी
सोनारडीह, धनबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिबू गोप
प्राचार्य
विस्थापित महाविद्यालय
स्थायी संबद्ध इकाई बी.बी.एम.के.यू. धनबाद
बालीडीह, बोकारो स्टील सिटी-827104 (झारखंड)